7- MAY- BSP- PG-1_Layout 1 5/8/2024 1:55 AM Page 1

हरिभूमि बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 8 मई 2024

# लोकतंत्र के लिए 60.05 प्रतिशत वोटिंग



हर घंटे बढ़ा मतदान प्रतिशत

## सुबह से शुरू हुआ मतदान उत्सव

**सुबह 9 बजे तक 13.24 %**

| विधानसभा | क्षेत्र | वोटिंग % |
|---|---|---|
| बेलतरा- | 31 | 11.95% |
| बिलासपुर- | 30 | 11.55% |
| बिल्हा- | 29 | 10.93% |
| कोटा- | 25 | 4.51% |
| लोरमी- | 26 | 13.74% |
| मस्तुरी- | 32 | 6.65% |
| मुंगेली- | 27 | 13.13% |
| तखतपुर- | 28 | 10.90% |

**सुबह 11 बजे तक 25.29 %**

| विधानसभा | क्षेत्र | वोटिंग % |
|---|---|---|
| बेलतरा- | 31 | 23.84% |
| बिलासपुर- | 30 | 28.64% |
| बिल्हा- | 29 | 21.53% |
| कोटा- | 25 | 21.46% |
| लोरमी- | 26 | 30.27% |
| मस्तुरी- | 32 | 21.67% |
| मुंगेली- | 27 | 30.14% |
| तखतपुर- | 28 | 26.00% |

**दोपहर 1 बजे तक 39.93 %**

| विधानसभा | क्षेत्र | वोटिंग % |
|---|---|---|
| बेलतरा- | 31 | 39.13% |
| बिलासपुर- | 30 | 34.53% |
| बिल्हा- | 29 | 40.15% |
| कोटा- | 25 | 34.20% |
| लोरमी- | 26 | 48.00% |
| मस्तुरी- | 32 | 36.98% |
| मुंगेली- | 27 | 46.32% |
| तखतपुर- | 28 | 40.63% |

**दोपहर 3 बजे तक 50.76 %**

| विधानसभा | क्षेत्र | वोटिंग % |
|---|---|---|
| बेलतरा- | 31 | 45.72% |
| बिलासपुर- | 30 | 43.68% |
| बिल्हा- | 29 | 53.97% |
| कोटा- | 25 | 44.47% |
| लोरमी- | 26 | 56.02% |
| मस्तुरी- | 32 | 48.10% |
| मुंगेली- | 27 | 58.50% |
| तखतपुर- | 28 | 55.08% |

**शाम 5 बजे तक 60.05 %**

| विधानसभा | क्षेत्र | वोटिंग % |
|---|---|---|
| बेलतरा- | 31 | 61.69% |
| बिलासपुर- | 30 | 54.57% |
| बिल्हा- | 29 | 63.80% |
| कोटा- | 25 | 58.60% |
| लोरमी- | 26 | 62.77% |
| मस्तुरी- | 32 | 53.40% |
| मुंगेली- | 27 | 63.17% |
| तखतपुर- | 28 | 63.12% |

**अब तक हुए चुनाव में वोटिंग प्रतिशत**

| साल | वोटिंग |
|---|---|
| 2019 | 64.32 % |
| 2014 | 63.03 % |
| 2009 | 52.28 % |
| 2004 | 44.02 % |

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई की सुबह से मतदान उत्सव शुरू हो गया। गर्मी अधिक होने के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लोग सुबह से वोट देने पहुंच गए। दोपहर में वोटिंग की रफ्तार धीमी हो गई। शाम 6 बजे तक जिले में लगभग 60. 05 फीसदी वोट डाले गए। पिछले साल विधानसभा चुनाव में जिले में 64.32 प्रतिशत मतदान हुआ था। मंगलवार को हुए इस मतदान में फर्जी वोटिंग, चुनाव बहिष्कार, ईवीएम खराब होने की घटनाएं होती रहीं। दोपहर बाद आई तेज आंधी और बारिश के कारण भी मतदान प्रभावित हुआ। कई जगहों पर मतदाताओं के लिए बनाए गए वेटिंग हाल तेज आंधी में उड़ गए हैं। गरज-चमक के साथ बारिश होने से विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई है। मतदान केंद्रों में अंधेरा छा गया है। इससे मतदान दल भी परेशान रहे। कई जगहों पर मोबाइल के टार्च के सहारे वोटिंग करानी पड़ी। बारिश के कारण लोगों का मतदान केंद्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया।

छत्तीसगढ़ में तीसरे और अंतिम चरण के लिए बिलासपुर लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी थी, जो शाम 6 बजे खत्म हो गई है। इस बार चुनाव में भाजपा-कांग्रेस सहित 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हालांकि बीजेपी प्रत्याशी तोखनराम साहू और कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव के बीच ही सीधा मुकाबला है। दूसरी ओर जिले में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया। भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में मतदाता सुबह 7 बजे के पहले से ही कतारबद्ध होकर मतदान हेतु अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। मतदाताओं को मतदान केंद्रों में दी गई सुविधाओं की वजह से मतदान करने लोगों का उत्साह बना रहा। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक मतदान की प्रक्रिया का जायजा लेते रहे वहीं कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, सहित आला अधिकारी मतदान केंद्रों का भ्रमण करते रहे। जिले में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## बसंतपुर में मतदान का बहिष्कार, एक भी वोट नहीं पड़ा



मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र ग्राम बसंतपुर में सड़क नहर और विद्युत आपूर्ति को लेकर ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक वे लोग कई सालों से सड़क और नहर की मांग करते आ रहे हैं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। इस बूथ पर शाम 6 बजे तक एक भी वोट नहीं डाला जा सका। ध्यान रहे कि



बसंतपुर में ग्राम में एक बूथ है जिसमें कुल 1081 वोटर है। इसमें 551 पुरुष और 530 महिलाएं हैं। इस बूथ पर पोलिंग की शुरूआत वहीं तैनात 5 कर्मचारियों ने अपना वोट डालकर की थी। हालांकि चुनाव बहिष्कार की सूचना पर क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ और जिला मुख्यालय से भी अधिकारी पहुंचे लेकिन ग्रामीण नहीं माने।

## सुबह रही भीड़, दोपहर में खाली रहे केन्द्र

सुबह लगभग हर केन्द्र में भीड़ रही। सुबह 7 से 11 बजे तक पहले चार घंटे में ही 25.29 प्रतिशत मतदान हो चुका था। अगले दो घंटे में 14 प्रतिशत और लोगों ने वोट डाला और मतदान प्रतिशत 39.93 तक पहुंच गया। इसके बाद दोपहर 3 बजे तक 50.76 प्रतिशत तो शाम पांच बजे तक 60.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। युवा मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं सहित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी मतदाताओं ने भी मतदान किया। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र मिशन स्कूल स्थित आदर्श मतदान केन्द्र में 85 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता श्रीमती सुदेश भाटिया ने मतदान कर एक आदर्श मतदाता होने का परिचय दिया। राजेन्द्र नगर निवासी 85 वर्षीय श्रीमती हमिदा बेगम ने भी मिशन स्कूल के मतदान केंद्र में मतदान किया। बिलासपुर की वरिष्ठ मतदाता श्रीमती शंकुतला तिवारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी ने तिलक नगर मतदान केंद्र में सहित अन्य वरिष्ठजनों ने मतदान कर जागरूक नागरिक होने का दायित्व निभाया।

## लोधीपारा में ईवीएम खराब एक घंटे रुका रहा मतदान

मंगलवार सुबह से ही यानी 7:00 बजे से बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र समेत बिल्हा बेलतरा, तखतपुर कोटा में मतदाताओं की भीड़ बूथ पर जमकर देखने को मिली। इसी दौरान प्रशासन को जानकारी मिली कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के लोधीपारा कोनी रोड सरकंडा स्थित बूथ का ईवीम खराब हो गया है। जिसके कारण मतदाताओ को करीब एक घंटे तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। ईवीएम खराब होने की जानकारी से मतदाताओं की बेचैनी बढ़ गई। इस दौरान मतदाताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि हम सुबह जल्दी मतदान करने आए हैं ताकि जल्द वोट डालकर घर लौट जाए। ईवीएम खराब होने की जानकारी मिलने के साथ ही प्रशासन की टीम नई ईवीएम के साथ बूथ पहुंची और व्यवस्था ठीक की गई। जिम्मेदार अधिकारी शासकीय प्राथमिक पाठशाला लोधीपारा पहुंचे और नई ईवीएम लगाई गई। पुरानी मशीन को कब्जे में लिया। इस दौरान सुबह 8 बजे से 9 बजे तक मतदान नही हुआ। 9 बजे के बाद दोबारा वोटिंग शुरू हुई।

## फर्जी वोटिंग, चुनाव बहिष्कार, ईवीएम खराब होने की घटनाएं होती रहीं

### पूर्व विधायक पांडे को रोकने पर विवाद

दोपहर करीब 4 बजे कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव अपने समर्थकों के साथ वार्ड क्रमांक 58 प्राथमिक कन्या शाला जबड़ापारा में मतदान केंद्र पहुचे। उनके साथ पूर्व विधायक शैलेष पांडे भी थे और वे भी केन्द्र के अंदर जाने लगे तभी वहां पर उपस्थित भाजपा पार्षद राजेश दुसेजा व उनके समर्थकों ने इसका विरोध किया। इनका कहना था कि मतदान केंद्र के अंदर प्रत्याशी के अलावा किसी अन्य को अंदर जाना उल्लंघन है। इससे श्री पांडे नाराज हो गए और वहां विवाद की स्थिति बनने लगी। माहौल बिगड़ता देख सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा सम्भाले हुए पूर्व विधायक को अंदर जाने से रोका। खबर मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या मे पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

### फर्जी वोटिंग, मतदाता सूची में गड़बड़ी

तोरवा स्थित बूथ क्रमांक 195 में फर्जी वोटिंग का मामला सामने आया। यहां एक वोटर एडवोकेट सपनोमा चटोपाध्याय वोट डालने पहुंचा तो पता चला कि उसके नाम पर वोट डाल दिया गया है। इसका उसने विरोध किया तो बीएलओ सुचेता नंदा गौरी ने इसकी जानकारी कलेक्टर अवनीश शरण को दी। बाद में उस वोटर से चैलेंज मतदान कराया गया। इसके साथ ही इसी जगह पर नाम और लिस्ट गड़बड़ी की वजह से कई मतदाताओं को वापस जाना पड़ा। बूथ क्रमांक 194 और 195 में कई बार थोड़ी थोड़ी देर के लिए मतदान प्रभावित होता रहा।

### कई केन्द्रों में शुरूआती घंटे में 400 से अधिक वोटिंग

जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह नजर आया है। सभी बूथों में सुबह से भीड़ उमड़ी। सरकंडा,रेलवे परिक्षेत्र के रेलवे स्कूल और दयालबंद के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में भी बड़ी संख्या में मतदाता पहुंचते रहे। शंकर नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मतदान केंद्र में पिछली बार जहां सुबह के पहले घंटे में 100 से भी कम मतदाता वोट देने पहुंचे थे इस बार 400 पार पहुंच गए हैं। मतदान केंद्रों में इस बार काफी अच्छी व्यवस्था रही। गर्मी के मध्य नजर मतदाताओं को ओआरएस दिया गया।

### मौसम ने दिया साथ धूप से मिली राहत

पिछले कुछ दिनों से न्यायधानी भीषण गर्मी की चपेट में रही। सोमवार को भी दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री से ऊपर पहुंच गया था। राहत की बात यह रही कि मंगलवार की सुबह वोटिंग के दिन आसमान में बादल छाए रहे। इसके कारण मतदाताओं को बड़ी राहत मिली। महिला मतदाता शिक्षिका श्रीमती सीमा दुबे के मुताबिक लगा था कि सोमवार की तरह ही मंगलवार को भी गर्मी का असर तेज रहेगा। इसलिए सुबह जल्दी वोट देने घर से निकल गई थी। सुबह 7.30 बजे पं रामदुलारे दुबे स्कूल में वोट डाली। राहत रही कि आसमान में बादल छाए थे। प्रवेश पाठक के मुताबिक सुबह सबसे पहले मतदान केंद्र जाने की तैयारी थी लेकिन बादलों को देखकर फैसला लिया गया कि थोड़ी देर में भी जाने से कोई परेशानी नहीं होगी।

## बिलासपुर-कोरबा 5 तो छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 4 घंटे देर से छूटेगी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे इन दिनों लगातार मेंटेनेस काम के चलते यात्री ट्रेनों को रद्द कर रही है। ऐसे में अब यात्री गाड़ियों के लेटलतीफी का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गाड़ियां 8 से 10 घंटे लेट से चल रही है।

- जोन से होकर गुजरने वाली हर यात्री ट्रेन दो से तीन घंटे लेट

ऐसे में अब गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के अत्याधिक विलंब से चलने के कारण दुसरे यात्री ट्रेने भी प्रभावित हो रही है, जिसके कारण रेलवे ने 8 मई बुधवार को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 08210 बिलासपुर-कोरबा पैसेंजर, बिलासपुर से 5 घंटे देरी से 12:30 बजे रवाना होगी। इसी तरह कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस भी कोरबा से 4 घंटे देरी से दोपहर 15:33 बजे रवाना होगी। ऐसे में इन ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा और ट्रेन के लेटलतीफी के चलते यात्री निर्धारित समय पर अपने मंजिल तक नहीं पहुंच पाएंगे।

### हर ट्रेन 2 से 3 घंटे लेट


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन से होकर गुजरने वाली सभी ट्रेने 2 से 3 घंटे लेट चल रही है। कलिंगा उत्कल, इंतवारी, गोदियां, हावड़ा मेल, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, गोड़वाना सहित सभी लंबी दूरी तक चले वाली ट्रेनें इन दिनों लेटलतीफी के चलते घंटो देरों से चल रही है। ऐसे में इन ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## पोल से टकराकर पलटी कार एक की मौत, तीन कार में फंसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की देर रात तोरवा क्षेत्र के पावर हाउस के पास मेन रोड में तेज रफ्तार कार डिवाइडर के इलेक्ट्रिक पोल से टकराकर पलट गई, हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, वहीं समाचार लिखे जाने तक 3 लोग अंदर फंस हुए थे। देर रात तक उन्हें निकालने का प्रयास किया जाता रहा।

तोरवा पुलिस के अनुसार देवरीखुर्द में रहने वाले पांच युवक देर रात परिचित का बर्थडे मनाकर सियाज कार क्रमांक सीजी 10 एपी 8734 से लौट रहे थे। पावर हाउस के पास तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराते हुए बिजली के पोल से टकराई और पलट गई। आसपास के लोगों ने बताया कि कार की रफ्तार तेज थी। डिवाइडर से टकराने के बाद कार करीब चार बार सड़क पर पलटी। इसके बाद कार के चारों टायर ऊपर हो गए। कार के अंदर पांच लोग फंसे हुए थे। आसपास के लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश शुरू की। साथ ही हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। हादसे की सूचना पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से कार के दरवाजे को किसी तरह खोलकर अंदर फंसे दो लोगों को बाहर निकाला। कार के अंदर तीन लोग फंसे ही रहे। घटना की सूचना पर युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जानकारी के अनुसार हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं तीन लोगों को निकालने के लिए पुलिस की टीम देर रात तक मशक्कत करती रही। पुलिस ने गैस कटर और जेसीबी मंगाया है। देर रात तक कार के अंदर फंसे युवकों को बाहर नहीं निकाला जा सका था।



घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

### तीन युवक फंसे हुए हैं

तोरवा पावर हाउस के पास कार पलटने की सूचना मिली है। दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक की मौत हुई है। तीन लोग कार के अंदर ही फंसे हैं। उन्हें निकालने के लिए जेसीबी और गैस कटर भेजा गया है।

- **उमेश कश्यप** एएसपी सिटी

## महिला को बचाने लगाया ब्रेक, स्कूटी से गिरा बालक, बस ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला को बचाने के लिए सामने का ब्रेक लगाने से स्लिप होकर स्कूटी सहित बालक नीचे गिर गया। पीछे से तेज रफ्तार से आ रही बस के पिछले चक्के के चपेट में आने से उसकी कुचलकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है।

- पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बस की पतासाजी कर रही

कोतवाली टीआई विजय चौधरी ने बताया, करबला निवासी रिजवान हसन पिता अरबाज हसन 13 साल मंगलवार को दोपहर 3.50 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 10 एजे, 6551 में दयालबंद की ओर जा रहा था। दयालबंद मुख्यमार्ग में अचानक सामने से एक महिला आ गई। जिससे रिजवान ने महिला को बचाने के लिए झटक से सामने का ब्रेक लगा दिया, जिससे स्लिप होकर वह स्कूटी सहित सड़क पर गिर गया। इसी दौरान पीछे से आ रही बस के पिछले चक्के के चपेट में आने से उसकी कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर भाग निकला। हादसे की खबर लगते ही कोतवाली टीआई श्री चौधरी, तोरवा टीआई राहुल तिवारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल बालक का शव उठाकर सिम्स के मरच्यूरी में रखवा दिया है। उसके बाद आवागमन समान्य हो पाया है। बुधवार को बालक के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बस की पतासाजी में लगी हुई है।



# हाउसफुल 5 में अभिषेक बच्चन की एंट्री ...

**नई दिल्ली।** हाउसफुल सबसे लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी में से एक है। जब से इसकी पांचवीं किस्त की घोषणा हुई है, दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी लवर्स के लिए एक और अच्छी खबर है। फिल्म में अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, अनिल कपूर, नाना पाटेकर, रितेश देशमुख और चंकी पांडे मुख्य भूमिका में हैं। अब अभिषेक बच्चन अपनी शानदार कॉमेडी टाइमिंग के साथ बोर्ड पर आ रहे हैं। ऐसे में लोग फिल्म से और भी अधिक हंसी और मनोरंजन की उम्मीद कर सकते हैं। इसकी शूटिंग अगस्त 2024 में यूके में शुरू होगी।

लाइफ Style

# सुष्मिता

## दुल्हन बन रैंप पर छाईं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

बॉम्बे फैशन वीक में एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने डिजाइनर रोहित वर्मा की कलेक्शन को रैंप पर उतारा। गोल्डन कलर के लहंगे में रनवे पर चलते हुए सुष्मिता बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को कलीरों और फूलों से कंप्लीट किया, साथ ही उन्होंने बड़े करीने से बंधे जूड़े को भी सजा रखा था। डिजाइनर के लिए दूसरी बार शो स्टॉपर रहीं सुष्मिता ने कहा, 'रोहित वर्मा के लिए यह मेरी दूसरी वॉक है, जो खुद को शी कहलाना पसंद करते हैं। वह पक्का करते हैं कि हर पल उत्सव हो।' सुष्मिता ने इस बात पर जोर दिया कि आज के समय में 'समावेशी' होना कितना जरूरी है।

एक्ट्रेस ने कहा, 'आज के समय में दुनिया में समावेशी होना की बहुत जरूरत है। इसलिए मैं सौभाग्यशाली महसूस करती हूं कि उन्होंने न केवल मुझे तैयार किया, बल्कि मेरी आत्मा को भी तैयार किया और मुझे एकता, सद्भाव और अच्छाई का जश्न मनाने का मौका दिया।'

वहीं, रोहित वर्मा ने शेयर किया कि उनका पूरा कलेक्शन प्यार का जश्न मनाने के इर्द-गिर्द घूमता है। एक्ट्रेस के रैंप वॉक का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# कान्स महोत्सव में हड़ताल का साया

**लॉस एंजिलिस।** 'कान्स फिल्म महोत्सव' फिल्मों के प्रीमियर और स्टार्स के लुक्स के अलावा अपने विवादों की वजह से सुर्खियां बटोरता आया है। इस साल भी समारोह के शुरू होने से पहले ही खबर आ रही है कि 'कान्स फिल्म महोत्सव' के कर्मचारी समारोह के दौरान हड़ताल कर सकते हैं।' यह विरोध वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर किया जाने वाला है। 'कान्स फिल्म महोत्सव 2024' में 200 से अधिक फ्रांसीसी कर्मचारी हड़ताल पर जाने की योजना बना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म महोत्सव के कार्यकर्ता और कान श्रमिकों ने वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन का मन बनाया है।

# आसिम रियाज को फिर हुआ प्यार



**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 13' फेम आसिम रियाज और हिमांशी खुराना ने पिछले साल अपने ब्रेकअप का ऐलान किया था। कपल ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में खुलासा किया था कि अलग-अलग धर्म से ताल्लुक रखने के चलते कपल ने अपनी राहें अलग कर ली। हिमांशी खुराना से ब्रेकअप को 5 महीने ही हुए थे कि अब आसिम रियाज के सोशल मीडिया पोस्ट को देखते हुए उनके फैंस कयास लगा रहे हैं कि शायद उनकी जिंदगी में प्यार ने दोबारा दस्तक दे दी है। हाल ही में 'बिग बॉस 13' के कंटेस्टेंट आसिम रियाज ने अपने सोशल मीडिया पर मिस्ट्री गर्ल संग एक फोटो साझा की है। इस फोटो को शेयर करते हुए एक्टर लिखते हैं, 'जिंदगी चलती रहती है। एक्टर की इस फोटो पर कमेंट करते हुए एक फैन लिखते हैं, 'जो भी हो बस दोनों एक-दूसरे के लिए बेस्ट हो और इस बार बस दोनों की शादी की खबर आएं। वहीं और एक फैन लिखते हैं, 'बहुत बहुत मुबारक हो आसिम आपके लिए बहुत खुश हूं।'



# सुपरस्टार से शादी करके कॅरियर हुआ खत्म

**नई दिल्ली।** किसी एक्ट्रेस की पहली ही फिल्म सुपर-डुपर हिट हो जाए तो वो भूलकर भी शादी नहीं करती और अगर शादी हो जाए तो ये गलती कभी नहीं करतीं कि वो प्रेग्नेंट हो जाए। लेकिन डिंपल कपाड़िया ने करियर की पीक पर पहुंच कर मां बनने का जोखिम उठाया। सुपर स्टार राजेश खन्ना से शादी भी रचा डाली, लेकिन फिर जल्दी ही तलाक भी हो गया। इसने प्रेग्नेंट होने का फैसला तब किया जब ये पहली ही फिल्म बॉबी के बाद एक बड़ी स्टार बन गई थीं और उनके घर के बाहर निर्माता निर्देशकों की कतार लग रही थी। बॉबी फिल्म के रिलीज होने के पहले ही डिंपल राजेश खन्ना के प्यार में पड़ीं और शादी भी कर ली। डिंपल कपाड़िया ने जब शादी की तब उनकी उम्र महज 16 साल की थी। 17 साल की उम्र में तो वो ट्विंकल खन्ना की मम्मी भी बन चुकी थीं। इसके बाद उनकी एक और बेटी रिंकी खन्ना भी पैदा हुई। अपनी फैमिली और बच्चों की खातिर डिंपल ल्मिों से दूर रहीं, लेकिन धीरे-धीरे राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया के बीच तनाव बढ़ने लगा। नतीजा ये हुआ कि डिंपल कपाड़िया ने शादी के नौ साल बाद ही तलाक ले लिया।



# करण से कॉमेडियन ने मांगी माफी...

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता करण जौहर ने एक टीवी शो के प्रोमो पर निराशा व्यक्त करते हुए रविवार रात एक इंस्टाग्राम पोस्ट किया। करण ने कहा कि उन्होंने एक कॉमेडियन को अभद्र तरीके से उनकी नकल करते हुए देखा, लेकिन उन्होंने शो, कॉमेडियन या चैनल का नाम नहीं लिया। हालांकि, करणका पोस्ट देखने के बाद तमाम लोगों को संदेह था कि करण केतन सिंह स्टारर फिल्म 'मैडनेस मचाएंगे' के प्रोमो के बारे में बात कर रहे थे। लिहाजा करण की आलोचना पर अब कॉमेडियन ने जवाब दिया है और विनम्रतापूर्वक माफी भी मांगी है। केतन ने एक इंटरव्यू में कहा कि उनका इरादा कभी भी करण को ठेस पहुंचाना नहीं था, 'मैं करण सर से माफी मांगना चाहूंगा।' मैं कॉफी शो में करण जौहर को बहुत देखता हूं। मैं उनके काम का फैन हूं। मैंने उनकी नई फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 5 से 6 बार देखी है। मैं उनके काम और उनके शो का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मेरा इरादा उन्हें ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं सिर्फ दर्शकों का मनोरंजन करना चाहता था, लेकिन अगर मैंने कुछ अतिरिक्त किया, तो मैं उनसे माफी मांगना चाहूंगा।'

## फिर शुरू होगा 'देख भाई देख'

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शेखर सुमन इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'हीरामंडी' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। शेखर सुमन ने आगे कहा, 'उन्होंने प्रीमियर में फरीदा जलाल से बात की और उन्हें बताया कि अभी फाइनल नहीं है, लेकिन शायद 'देख भाई देख' का दूसरा पार्ट जल्द ही फिर से आएगा।' उन्होंने फरीदा से कहा कि इस शो में वो जरूर रहेंगी। शेखर ने बताया कि वो पूरी कोशिश कर रहे हैं कि ये शो जल्द शुरू हो।


VACANCY
Tripur Bajaj/Chetak Requires for the following post:-
EDP Incharge 1 Post
Computer Operator 2 Post
Back Office Executive (With Computer Knowledge) 1 Post
Date of Interview
11th May 2024 (Saturday)
Timing :- 11:30 am to 3:30pm
TRIPUR BAJAJ
Beside Tifra Overbridge, Maharana Pratap Chowk, Bilaspur (C.G.)
9752133444, 07752400444
tripurauto@rediffmail.com

# बाल हनुमान' बोले- अब मैं भी शरारती



**नई दिल्ली।** बाल कलाकार दर्श अग्रवाल शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' में बाल हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें बाल रूप हनुमान की शरारतें हमेशा आकर्षित करती हैं। बाल हनुमान के रूप में दर्श अग्रवाल की एंट्री के साथ, यह शो शनिदेव और हनुमान के बीच आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए एक नए आयाम की खोज करने के लिए तैयार है। दर्श अग्रवाल ने बातचीत में कहा, 'मेरे दादा-दादी मुझे हमेशा बाल हनुमान, श्री कृष्ण और बाल गणेश की कहानियां सुनाते थे। भगवान हनुमान के बाल रूप की शरारतें मुझे हमेशा आकर्षित करती थीं और अब मैं भी शरारती हो गया हूं। मैं अपने दोस्तों और परिवार को मुझे यह किरदार निभाते हुए देखने का और इंतजार नहीं कर सकता।' शो की कहानी शनिदेव पर आधारित है, जिसे भगवान हनुमान नारद मुनी को सुनाते हैं और बताते हैं कि कैसे शनिदेव को 'कर्माधिकारी'कहा जाता है।

# *दुश्मनी भुलाकर राजकपूर की आखिरी बर्थडे पार्टी में पहुंचे थे राजकुमार...*




*मुंबई। दिग्गज निर्माता-निर्देशक राज कपूर ने साल 1987 में अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। राज का आखिरी बर्थडे बहुत धूमधाम से सेलिब्रेट किया गया था। इस पार्टी में बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की थी। इसमें राज कुमार भी आए थे। 37 साल पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। क्लिप में रणबीर कपूर और करीना कपूर भी नजर आए। राज कपूर सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेता, निर्माता और निर्देशक रहे हैं। उन्होंने अपने अभिनय से दुनियाभर में पहचान हासिल की, फिर निर्देशन और निर्माण के जरिए कई कलाकारों को सुपरस्टार बनाया। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनसे जुड़े किस्से या पुराने वीडियो और तस्वीरें अक्सर वायरल होती रहती हैं। राज कपूर ने 2 जून 1988 में हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। इससे पहले 14 दिसंबर 1987 को राज कपूर ने अपना आखिरी जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन के जश्न में बॉलीवुड के कई नामी सितारे भी आये थे। सालों बाद वायरल हो रहे वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे सितारों ने जश्न को एन्जॉय किया। लाल जैकेट, व्हाइट शर्ट और पैंट में राज कपूर बैठे हुए हैं और सभी मेहमान उनसे मिलकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। ऋषि कपूर ने अपने पिता को गले लगकर और पैर छूकर जन्मदिन की बधाई दी। फिर शशि कपूर ने भी भैया के पैर छूकर और गले लगाया बधाई दी। रणधीर कपूर भी मेहमानों के साथ गपशप करते दिखे। एक जगह दिग्गज अभिनेता राज कुमार को राजकपूर के माथे को चूमते हुए देखा गया। उनकी दोस्ती और दुश्मनी खूब चर्चा में रही है। दोनों के बीच साल 1969 में लड़ाई हो गई थी। इसके अलावा जितेंद्र, अनिल कपूर, कबीर बेदी, मंदाकिनी, जैकी श्रॉफ, शत्रुघ्न सिन्हा, रेखा और विनोद मेहरा समेत कई सितारों ने जन्मदिन के जश्न में रौनक बढ़ाई थी।*

# ओटीटी पर लगेगा क्राइम-मिस्ट्री का तड़का

*नई दिल्ली। ओटीटी पर इस हफ्ते क्राइम-मिस्ट्री का तड़का लगेगा। कई लोग सिनेमाघरों में बैठकर फिल्मों का मजा नहीं ले पाते हैं। वे घर बैठे ही रोमांचक शो और फिल्में देखना पसंद करते हैं। दर्शकों के लिए मई का दूसरा हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

**आवेशम :** 'आवेशम' 2024 की मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्देशन जीतू माधवन ने किया है। यह नाजरिया नाजिम और अनवर रशीद द्वारा निर्मित है। 'आवेशम' तीन किशोरों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो बेंगलुरु आते हैं और झगड़े के बाद एक स्थानीय गैंगस्टर से दोस्ती करते हैं। इसमें फहद फासिल, मिथुन जय शंकर और रोशन शनावास मुख्य भूमिकाओं में हैं और अन्य सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत सुशीन श्याम का है, जबकि समीर ताहिर ने सिनेमैटोग्राफी संभाली है और विवेक हर्षन ने संपादन किया है। 'आवेशम' 9 मई को अमेजन प्राइम वीडियो पर अपना ओटीटी डेब्यू करेगा।

**रत्नम :** 'रत्नम' हरि द्वारा निर्देशित 2024 की तमिल एक्शन फिल्म है, जो स्टोन बेंच फिल्म्स, जी स्टूडियोज और इनवेनियो ओरिजिन द्वारा निर्मित है। इसमें विशाल मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ प्रिया भवानी शंकर, रामचंद्र राजू और अन्य प्रमुख भूमिका में हैं। यह फिल्म 'थमीराभरानी' और 'पूजाई' के बाद विशाल और निर्देशक हरि के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है।




SANKALP EYE HOSPITAL संकल्प नेत्र चिकित्सालय
मोतियाबिंद फेको हेतु विश्वसनीय संस्थान
मोतियाबिंद
उपचार आधुनिक फेको मशीन द्वारा
सेवा, सुरक्षा, समर्पण के लिए संकल्पित संस्थान
सभी प्रमुख संस्थानों (CGHS, ESIC, CSEB) तथा 35 से ज्यादा बीमा कंपनियों से सम्बद्धता
आधुनिक मशीनों से सुसज्जित
सोनी शोरूम के पीछे, श्रीकांत वर्मा मार्ग, वैशाली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-422654, 94252-27054
डॉ. संदीप तिवारी
(MBBS, DOMS)
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको कैटरेक्ट एवं लेजर सर्जन


उदय
चिल्ड्रन हॉस्पिटल एवं पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी क्लीनिक
25 वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाईयां....
परम पूज्य भगवान, माता-पिता तथा आदरणीय वरिष्ठजनों के आशीर्वाद एवं दोस्तों व सहयोगियों के स्नेह एवं मरीज बंधुओं के विश्वास से हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं।
आप सबका हृदय से आभार एवं आप सभी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

डॉ. राकेश साहू
एम.डी., एफ.सी.जी.पी.
पी.जी.पी.एन. (बोस्टन, USA)
नवजात एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
रजि.नं. 5414

डॉ. अभिनव साहू
डी.सी.एच. (केएमसी, मनीपाल)
डी.एन.बी. (नई दिल्ली)
फेलो इन पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी (मुम्बई)
पीडियाट्रिक ऐपीलेप्सी में विशेष प्रशिक्षण (USA)
बच्चों में होने वाली मिर्गी एवं मिर्गी संबंधित बीमारियों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त

Dr. Ekta Sahu
MBBS, DDV, PGDCC, FAM
Consultant Dermatologist
Reg.No. 18557
RADIANCE Aesthetic Clinic SKIN | HAIR | LASERS
उपलब्ध सुविधाएं :-
• ईईजी एवं बच्चों में होने वाली मिर्गी का सम्पूर्ण उपचार एवं निदान
• सम्पूर्ण सुविधायुक्त एनआईसीयू
• Non Invasive Ventilation (बबल सी पैप)
• Invasive Ventilation (कृत्रिम श्वांस मशीन)
• फोटो थैरेपी यूनिट (डबल सर्फस) : पीलिया का इलाज
• इनफन्ट वार्मर की सुविधा।
• मानिटरिंग सिस्टम।
• इन्फ्यूजन पम्प।
• सेन्ट्रल ऑक्सीजन की सुविधा।
• फिजियोथेरेपी की सुविधा।
• एक्स-रे की सुविधा।
• थैलेसिमिया, सिकल सेल, एनिमिया के लिये ब्लड ट्रांसफ्यूजन एवं सिकल सेल क्राइसिस का उपचार
• बच्चों के माता-पिता का उचित मार्गदर्शन एवं जैनेटिक काउंसिलिंग की सुविधा।
• आयुष्मान/खूबचंद बघेल योजना की सुविधा।
स्कीन से संबंधित सुविधाएं :-
• दाद-खाद, खुजली • एक्जिमा सोरायसिस
• स्किन (त्वचा) एलर्जी
• कील-मुंहासे • हर्पीस जोस्टर
• मुंहासों के दाग एवं गड्ढों का इलाज
• बीबी ग्लो ट्रीटमेंट • रूसी (डैड्रफ)
• होंठों का कालापन • फेस कॉन्टूर
• गोखरु बालों का झड़ना
• केमिकल पीलींग • वैम्पायर फेसियल
• पी.आर.पी. एवं मिसोथेरेपी
• कोरियन ग्लास स्कीन • माइक्रोब्लैडिंग आइब्रो
• स्कीन रिजुवनेशन • मेडिफेशियल
सभी प्रकार के लेजर ट्रीटमेंट की सुविधा
वेयर हाउस रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8085812980

7- MAY- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 5/8/2024 2:08 AM Page 1

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 8 मई 2024



## फर्स्ट टाइम वोटर्स ने किया मतदान राष्ट्र निर्माण में निभाई भागीदारी



बिलासपुर। लोकतंत्र के महापर्व पर मंगलवार को लोकसभा चुनाव का मतदान करने सुबह से ही बड़े उत्साह से फर्स्ट टाइम युवा मतदाता ने कतार लगाकर अपने मत का प्रयोग किया। मतदान कर उन्होंने राष्ट्र निर्माण पर अपनी महती जिम्मेदारी निभाई। इन्होंने कहा कि मताधिकार ऐसा अधिकार है,जिसे हर किसी को जरूर करना चाहिए। लोकतंत्र के महायज्ञ में हर कोई को मत से अपनी आहुति देना चाहिए, ताकि देश के लिए अच्छा नेता चुन सके,जो हर वर्ग का ध्यान रख उनके हितों की रक्षा करे और उसके संर्वधन के लिए सतत प्रयास करता रहे।

### देश की सुरक्षा करे ऐसी सरकार चाहिए

फर्स्ट टाइम वोटर दीपिका श्रीवास ने कहा कि मतदान करके अच्छा लग रहा है, हमे ऐसी सरकार चाहिए जो हमारी देश की रक्षा करे और देश का नाम को बढाएं। आजकल कई देशो में युध्द हो रहा है, अगर हमारा प्रतिनिधित्व कमजोर होगा तो देश कमजोर हो जाएगा।

### साईबर फ्रॉड पर सरकार दे ध्यान

छात्र अभिषेक श्रीवास ने कहा कि मतदान ही हमार अधिकार ही नहीं जिम्मेदारी भी है,इसे बिलकुल करना चाहिए। नई सरकार से उम्मीद है कि देश डिजीटल युग की ओर बढ़ रहा है,और इस डिजिटल समय में आमजन की सुरक्षा बहुत खतरे में है, इस पर नई सरकार गंभीरता से ध्यान दे।

### दोस्ती के साथ निभाया कर्तव्य

शांतिनगर निवासी तीन यंगस्टर्स ने पहली बार मताधिकार का प्रयोग किया। देवल शुक्ला, वामिका शुक्ला, असंधा शुक्ला ये तीनों आपस में फ्रेंड है, इन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर किसी को वोट जरुर डालना चाहिए क्योंकि अच्छी सरकार तभी सफल होगी जिसमें सभी की बराबर भागीदारी होगी। मतदान सभी वयस्क भारतीय नागरिकों का अनिवार्य जिम्मेदारी है। नई सरकार से हमे यही उम्मीद है कि वह हर तबके के लिए काम करें।

### पेट्रोल से जीएसटी हटाएं

छात्रा लक्ष्मी अग्रवाल ने पहली बार मतदान कर बहुत प्रसन्न हुई, इन्होंने कहा कि इस मौके का वर्षो इंतजार किया। अब मैंने भी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। नई सरकार से यह बढ़ रही महंगाई को कम करे, और जो आम लोगों से जुड़ी चीचें पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे से बाहर करें ताकि लोगों का राहत मिले।

### मतदान ही हमारा आधार

छात्रा जिया ताम्रकार ने कहा कि लोकतंत्र में आम नागरिक का मतदान ही सबसे बड़ा आधार है, और इस आाधार का लाभ हर कोई को लेना चाहिए। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत हम अपने पसंद का जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। जो कि हमारे लिए कार्य करेगा और हमारे देश का प्रतिनिधित्व करेगा।

### लोकसभा चुनाव : मतदान केंद्रों में वोटिंग के लिए सुबह से लोगों की भीड़ लगी रही, आम और खास सभी ने मतदान किया

# देश के लिए किया मतदान, निभाई अपनी जिम्मेदारी



एडिशनल एसपी अर्चना झा ने किया मताधिकार का प्रयोग।



जस्टिस नरेंद्र व्यास ने सपरिवार मतदान किया।



जस्टिस संजय कुमार अग्रवाल ने सपरिवार मतदान किया।



न्यायाधीश गौतम भादुड़ी ने सपरिवार मतदान किया।



डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने मतदान किया।



मतदान के बाद अमिट स्याही दिखाते बेलतरा विधायक सुशांत सिंह।




जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने सपरिवार मतदान किया।



न्यायाधीश पार्थ प्रतीम साहू ने परिवार सहित वोट डाला।



न्यायाधीश राकेश मोहन पांडेय ने गुरु तेग बहादुर स्कूल में मतदान किया।



सीएमडी कॉलेज के चेयरमैन संजय दुबे ने किया मतदान।



न्यायाधीश संजय के. अग्रवाल ने साइंस कॉलेज सरकंडा में मतदान किया।



जस्टिस दीपक कुमार तिवारी ने सपरिवार वोट डाला।



अटल यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई ने किया वोट।



हमर राज पार्टी के प्रत्याशी सुदीप श्रीवास्तव मतदान करने के बाद।



पूर्व श्रम अधिकारी दीपक पाण्डेय ने किया वोट।



कलेक्टर अवनीश शरण ने परिवार सहित किया मतदान।



एडीशनल एसपी उमेश कश्यप ने परिवार सहित किया मतदान।



पूर्व विधायक शैलेष पांडेय ने सपरिवार मतदान किया।



भाजपा मंडल प्रभारी मनीष अग्रवाल ने किया मतदान।



पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महराज ने किया वोट।



महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती हर्षिता पांडेय ने सपरिवार मतदान किया।




ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह ने किया सपरिवार मतदान।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने परिवार सहित किया मतदान।




भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रौशन सिंह मतदान का निशान दिखाते।





एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग।



वरिष्ठ भाजपा नेता बेनी गुप्ता परिवार के साथ।



भाजपा नेता संजय मुरारका ने सपरिवार मतदान किया।



छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने वोट किया।

## खबर संक्षेप

### कुकदा व बिटकुला में राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ


**खम्हरिया ।** पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सुषमा संरक्षण, गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार व गायत्री प्रज्ञापीठ खम्हरिया के तत्वावधान में पांच कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ का आयोजन 8 से 9 मई तक कुकदा व 11 से 12 मई तक बिटकुला में किया जा रहा है। जिसमें पुसवन नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, यज्ञोपवित दीक्षा, विवाह संस्कार आदि निःशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

### महिला के गले से मंगलसूत्र किया पार

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछापारा निवासी धरमशीला शुक्ला 1 मई को कटघोरा आयी थी। वापस घर आते समय भीड़ का फायदा उठाते हुये अज्ञात व्यक्ति ने उनके गले से मंलगसूत्र पार कर दिया।

## निधन

### मदनलाल थदानी



**बिलासपुर।** बलराम टॉकीज रोड, सिंधी कॉलोनी निवासी मदनलाल थदानी का 7 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 मई बुधवार को शाम 5 बजे झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर सिन्धी कालोनी बिलासपुर में किया जाएगा। वे भगवानदास, दारासिंह, सुरेश, राजकुमार, रमेश के पिता एवं प्रीतमदास, अर्जुनदास व मोहनलाल के चाचा तथा विक्की, संजू, अविज, राहुल, जय, प्रशांत हर्ष, आर्यन के दादा थे।

### पीएस नायर



**बिलासपुर।** सेवानिवृत्त रेलकर्मी पीएस नायर का 5 मई को केरल में निधन हो गया। 8 मई बुधवार को उनके निवास त्रिप्पूणितुरा केरल में उनकी इच्छानुसार उनका पार्थिव देह एर्नाकुलम मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया जाएगा। वे केजी लीलम्मा के पति एवं दपूमरे के एस. भारतीयन के पिता व डा. सुप्रिया भारतीयन के ससुर थे।

### जब्बार हुसैन



**बिलासपुर।** बड़े बाजार बजरंग नगर तखतपुर निवासी जब्बार हुसैन का निधन 7 मई को हो गया। उन्हें बरेला कब्रिस्तान में सुपुर्देखाक किया गया। वे नगर पालिका तखतपुर के पूर्व एल्डरमैन अजमत हुसैन नट्टू जायसी के पिता एवं फ़दि, अब्बास, रफीक, निसार औ आबिद हुसैन के भाई थे।

### गोवर्धन कश्यप



**बिलासपुर।** तिफरा यदुनंदन नगर निवासी गोवर्धन कश्यप का 7 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 मई को उनके गृह ग्राम तोहरा तिल्दा ब्लाक में किया जाएगा। वे दुलेश्वरी कश्यप के पति एवं सविता, सुषमा व केयांश के पिता थे।

### पूजा वर्मा



**बिलासपुर।** मुंशी रामचंद्र बाड़ा गोड़पारा निवासी पूजा वर्मा का 7 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 मई को सरकंडा मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे स्व. प्रभात चंद्र वर्मा की बहू तथा प्रतीक वर्मा की पत्नी व सोमेश वर्मा की भाभी थीं।

### रंजना देवांगन



**बिलासपुर।** कतियापारा उदई चौक जूना बिलासपुर निवासी रंजना देवांगन का 7 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया। वे छेदीलाल देवांगन की पत्नी एवं ईश्वर देवांगन व लक्ष्मीचंद देवांगन की माता थीं।

## शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई मतदान प्रक्रिया, लोगों में दिखा उत्साह

# तखतपुर के 20 बूथों में 11850 मतदाताओं ने दिया जनादेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। नगर के 20 बूथ में 18311 मतदाताओं में 11850 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। नगर का कुल मत प्रतिशत 64.72 रहा।

आज लोकसभा चुनाव पर तीसरे चरण के मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह रहा। सुबह से ही मतदान केंद्रों में गर्मी के कारण भीड़ रही। दोपहर में मतदान केंद्र खाली नजर आए। वहीं शाम को मौसम बदल जाने और बारिश हो जाने के कारण मतदाता अपने घरों से नहीं निकल पाए। जिसके कारण नगर का मतदान प्रतिशत विधानसभा चुनाव से कुछ कम रहा। सुबह से ही प्रशासन मतदान केंद्रों में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए जुटा रहा और पुलिस प्रशासन भी चुनाव शांति पूर्ण निपटे इसके लिए पर्याप्त बल के साथ हर बूथ पर तैनात रही। तखतपुर नगर के 20 बूथों में बूथ क्रमांक 167 में मतदाता 1212 में 810 मतदान, बूथ क्रमांक 168 में मतदाता 859 में 555 मतदान, बूथ क्रमांक 169 में मतदाता 945 में 526 मतदान, बूथ क्रमांक 170 में मतदाता 820 में 483 मतदान, बूथ क्रमांक 171 में मतदाता 904 में 522 मतदान, बूथ क्रमांक 172 में मतदाता 720 में 441 मतदान, बूथ क्रमांक 173 में मतदाता 1309 में 754 मतदान, बूथ क्रमांक 174 में मतदाता 637 में 355 मतदान, बूथ क्रमांक 175 में मतदाता 799 में 465 मतदान, बूथ क्रमांक 176 में मतदाता 936 में 619 मतदान, बूथ क्रमांक 177 में मतदाता 625 में 387 मतदान, बूथ क्रमांक 178 में मतदाता 748में 495 मतदान, बूथ क्रमांक 179 में मतदाता 797 में 491 मतदान, बूथ क्रमांक 180 में मतदाता 1175 में 917 मतदान, बूथ क्रमांक 181 में मतदाता 523 में 435 मतदान, बूथ क्रमांक 182 में मतदाता 1004 में 711 मतदान, बूथ क्रमांक 183 में मतदाता 1048 में 689 मतदान, बूथ क्रमांक 184 में मतदाता 617 में 447 मतदान, बूथ क्रमांक 185 में मतदाता 1500 में 1014 मतदान, बूथ क्रमांक 186 में मतदाता 1100 में 734 मतदान कुल 64.72 प्रतिशत मतदान हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार जाति समीकरण के लिए जिन क्षेत्रों में यादव समाज के मतदाता अधिक थे वहां मतदान प्रतिशत अधिक हुआ है। नगर से लगे ग्राम निगारबंद 1371 मतदाताओं में 1011 मतदान हुआ। वैसे ही अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी 80 प्रतिशत तक के मतदान हुआ है।





तखतपुर में एजेंट के पास बच्चे को छोड़कर मां ने किया मतदान, साथ में बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह।

### मेले जैसा माहौल

मतदान केंद्रों में इस बार मतदाताओं के लिए गर्मी को देखते हुए पानी, शरबत, कूलर आदि की व्यवस्था मतदान केंद्रों में की गई थी। जहां स्वच्छता दीदीयों द्वारा लाइन में खड़े मतदाताओं को स्वच्छ जल, शरबत की व्यवस्था की गई थी। कई मतदान केंद्रों में महिलाएं अपने छोटे छोटे बच्चों के साथ पहुंची थी। जहां वार्ड 4 की महिला का बच्चा उसकी गोद में सो गया था। तब वह अपने बच्चे को मतदान के लिए बैठे एजेंट की टेबल में ही सुलाकर मतदान करने चले गए।

### टार्च की रोशनी से हुआ मतदान

आज शाम 4 बजे के बाद मौसम बदलने और तेज बारिश होने के कारण लगभग एक घंटे तक बिजली बंद रही। जिसके कारण मतदान केंद्रों में अंधेरा हो गया था और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में मतदान दल लाइट बंद होने के कारण काफी परेशान रहे और टार्च के रोशनी से मतदान हुआ।

### दोपहर को मतदान केंद्र सुने

लोकसभा चुनाव के लिए 13 घंटे तक मतदान का समय रखा गया था। जिसके चलते मतदाता सुबह 7 बजे से ही मतदान केंद्रों में पहुंच गए थे और दोपहर में तेज धूप हुई तब मतदाता मतदान केंद्रों में नहीं पहुंचे। जिसके कारण मतदान केंद्र खाली रहे। कई जगह पीठासिन अधिकारी सोते हुए नजर आए।



## सकरी नगर में 8610 ने किया मताधिकार का उपयोग

**सकरी।** मंगलवार को हुए लोकसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह घटा छा जाने के कारण मौसम में भी शीतलता आ गई थी। सुबह से ही मतदाता बूथ पर वोटिंग करने पहुंचने लगे। महिलाओं में भी मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। लेकिन दोपहर होते ही फिर से मौसम ने करवट ली और तेज धूप पड़ते ही बूथ से मतदाता भी गायब होने लगे। फिर 4 बजते ही सुबह की तरह मौसम सुहाना हो गया। इसके बाद फिर से बूथ पर भीड़ उमड़ पड़ी। सकरी बूथ क्रमांक 215 में 717, 216 में 687, 217 में 709, 218 में 580, 219 में 693, 220 में 602, 221 में 507, 222 में 421, 223 में 882 224 में 805, 225 में 291, 226 में 673, 226 ए बूथ में 463 मत, 227 में 482, 228 में 749, 213 में 817, 214 में 538 मत, भिलौनी में 649 मत, 155 में 804, 156 में 275, 157 में 179, 158 में 342, 144 में 506, 4 ई डी सी मत, 145 में 663, 2 ई डी सी मत, 1763 मत, बिनौरी में 708, खजुरी नवागांव में 1050, काठाकोनी 809, देवरी खुर्द में 662, समलपुरी में 1232, सागर में 1225, विंध्यासार में 674,गिरधोना बूथ क्रमांक 200 में 702, बूथ क्रमांक 201 में 934 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भीषण गर्मी को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा पार्टी के लिए बनाए गए टेंट में कार्यकर्ताओं के लिए कूलर एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था विशेष रूप से की गई थी। मतदाताओं को भी कार्यकर्ता शीतल पेयजल की व्यवस्था मुहैया कराते रहे। जिसकी चर्चा क्षेत्र में रही। सकरी नगर एवं आसपास के बूथ में जाकर क्षेत्रीय विधायक कार्यकर्ताओं की सुधि लेते रहे। साथ ही कांग्रेस के बने टेंट में बैठे कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करते रहे। पक्ष विपक्ष के कार्यकर्ताओं से मिलने की स्वभाव को देखकर अधिकांश लोगों ने उन्हें लोकतंत्र के सच्चे सेवक बताया।

## मतदान केन्द्रों में मितानिन, आंबा कार्यकर्ता सहायिकाओं, रसोइयों ने दिया योगदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

बेलतरा ग्राम पंचायत के नेवसा में महिला कार्यकर्ताओं की इस बार महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिसमें मितानिन, आंबा कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया, महिला समूह आदि के द्वारा मतदान केंद्रों में बीपी जांच, दवाई वितरण, ओआरएस घोल, मतदान दलों के लिए भोजन व्यवस्था, मतदाताओं के लिए पानी पिलाने का काम किया गया। ग्राम पंचायत नेवसा में अंतिम 69% वोट पड़ा। ग्राम पंचायत नेवसा की महिला जिसमें शशि कश्यप, शिवकुमारी खरे, सुनीता बैसवाड़े, कमला साहू, रुक्मणी सूर्यवंशी, सुनीता धीवर, पंचकुंवर कैवर्त, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका- अमित नामदेव, दुखन कश्यप, निर्मला धीवर, कुसुम साहू, उमेंदा कश्यप, सावित्री सूर्यवंशी, सरिता सूर्यवंशी, सुनीता यादव, सक्रिय महिला -किरण कश्यप, अर्चना कश्यप, रसोईया- सुनती कश्यप, कुंवारिया कोरी, परमेश्वरी साहू, नम्रता साहू आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### रायपुर में शादी कार्यक्रम को छोड़कर बिल्हा में वोटिंग करने पहुंचा परिवार



**बोदरी।** माखीजा परिवार रायपुर में शादी कार्यक्रम को अधूरा छोड़कर बिल्हा में वोटिंग करने परिवार सहित पहुंचा। महेश माखीजा द्वारा वोटिग कर देशहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



### मतदाताओं में दिखा उत्साह

**मस्तूरी।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान किया। मंगलवार को नई सरकार चुनने का दिन था। मतदाता भी मतदान करने काफी उत्साहित रहे। मौसम की बात करे तो सुबह से बदली छाई रही। मतदाता भी समय का फायदा उठाते हुए सुबह से ही मतदान केंद्र पहुंचने लगे थे। मतदान केंद्र में तैनात पीठासीन अधिकारी, कर्मचारी, महिला व पुरुष मतदाताओं को क्रमशः मतदान कराते नजर आए। सुबह से ही मतदाताओं के पहुंचने का क्रम जो शुरू हुआ था वह दोपहर 12 तक बना रहा। फिर धूप की तपन के साथ मतदाताओं की संख्या में कमी आ गई। लेकिन मतदाता कर मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए चुनाव के पर्व में मत देने पूरे उत्साह के साथ अंतिम समय तक मतदान केंद्र में पहुंचते रहे।

## मांग पूरी नहीं होने से नाराज बसंतपुर के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**मस्तूरी।** विकासखंड के अंतिम छोर शिवनाथ नदी के तट पर बसे ग्राम पंचायत बसंतपुर के ग्रामीणों ने अपने बहुप्रतीक्षित मांग के पूर्ण नहीं होने पर लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों की माने तो बसंतपुर के ग्रामीणों ने एक लंबे समय से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त करने, नहर से खेतों में पानी की आपासी नहीं होने सहित पगडंडियों में तब्दील मुख्य सड़क मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से लेकर संबंधित उच्चाधिकारियों तक बार-बार आवेदन देकर गुहार लगाने के पश्चात भी पहल नहीं होने से बौखलाए ग्रामीणों ने मंगलवार को चुनाव का बहिष्कार करने मजबूर हुए।

**ग्रामीणों को मनाने का अथक प्रयास किया–** जैसे ही ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार की सूचना उच्च अधिकारियों तक पहुंची संबंधित अधिकारी भागे-भागे सीधे ग्राम पंचायत बसंतपुर पहुंचे और ग्रामीणों को मनाने का अथक प्रयास किया। अंततः ग्रामीणों को मनाने पहुंचे तहसीलदार माया आंचल, जिला पंचायत से रिमन सिंह, एडिशनल एसपी जीवन सिंह, सीईओ जेआर भगत, पचपेड़ी थानेदार सहित अधिकारी, कर्मचारी ग्रामीणों की मांग के आगे नतमस्तक होकर उल्टे पांव वापस लौट आए।



**पडे सिर्फ पांच वोट–** ग्राम पंचायत बसंतपुर में एकमात्र मतदान केंद्र में तैनात कर्मचारियों को अपना पांच वोट डालकर ही सतुंष्ट होना पड़ा। वैसे इस बूथ में ग्रामीण मतदाता में पुरुष मतदाता 551 व महिला मतदाताओं की संख्या 530 इस तरह कुल ग्रामीण मतदाता 1081 है।

## मल्हार में शांतिपूर्ण रहा चुनाव का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

लोकसभा चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। मल्हार के सभी 8 बूथों में 7707 मतदाता में से 4151 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस तरह मात्र 56.21 प्रतिशत ही मतदान हुआ। पहली बार मतदान करने आए युवक व युवतियों के चेहरे पर खुशी थी तो वही कई परिवारों के सदस्य एकसाथ मतदान केंद्र में आकर मतदान किए।

इसी तरह दिव्यांगों को भी व्हीलचेयर में बिठाकर मतदान करवाया गया साथ ही बुजुर्गों को भी प्राथमिकता के आधार पर पहले मतदान करने दिया गया। मतदान करने के बाद सबसे ज्यादा युवाओं ने सेल्फी लेते हुए लोगों को मतदान करने संदेश दिया। भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों में पीने के पानी व छायादार जगह भी बनाया गया था जिससे लोगो को परेशान होना नही पड़े। हालांकि सुबह से शाम तक मौसम खुशगवांर रहा। जिससे लोगों ने राहत महसूस करते हुए उत्साह के साथ मतदान किया। नगर पंचायत सीएमओ किरण पटेल ने बताया कि सुबह मतदान शुरू होने के पहले आदर्श मतदान केंद्र में कर्मियों का फूल माला से स्वागत कर शर्बत पिलाया गया। जिसके बाद स्वच्छता दीदियों ने आम मतदाताओं को भी पानी व शर्बत देकर सेवा की। इस बार मल्हार में 8 बूथ बनाए गए थे। जिसमे बूथ क्रमांक 213 से 216 तक केंवटपारा स्कूल में तथा 217, 19 व 20 हाईस्कूल व 218 मिडिल स्कूल में बनाया गया था।



### कोटा में शाम 6 बजे तक पड़े 65 फीसदी वोट

**करगी रोड कोटा।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में सुबह 7 बजे से ही मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया। ग्रामीण इलाकों में मतदान को लेकर कुछ ज्यादा ही उत्साह दिखा। मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर फ़ोटो खिंचवाते रहे। इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट के अनुसार प्रदेश के सभी सीटों पर 3 बजे के आसपास 58% मतदान हो चुका था। शाम 6 बजे के बाद तहसीलदार प्राजंल मिश्रा ने बताया कि मतदान 65% रहा। मतदान के बीच अचानक से बारिश होने से मतदाताओं को केंद्र तक पहुंचने में परेशानी हुई। पोलिंग पार्टियों को भारी गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। जिसे देखते हुए मुख्य नगर पंचायत अधिकारी सुखसागर खुंटे ने नगर पंचायत के ट्रेंकर में पम्प लगाकर समस्त मतदान केन्द्र के कूलरों में अपनी देखरेख में पानी डलवाते दिखे।

## एनटीपीसी में अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एनटीपीसी के डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम में अंतर क्षेत्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 5 मई को शुभारंभ हुआ। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता में पश्चिमी क्षेत्र 2 की पांच टीमें अपनी प्रतिभा एवं खेल कौशल का प्रदर्शन कर करने तैयार है।

समारोह की शुरुआत औपचारिक रूप से फीता काटने और छत्तीसगढ़ी गेड़ी नृत्य के साथ हुआ। जो सम्मानित अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक ले गए। टूर्नामेंट का उद्घाटन परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय, संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती साधना पाण्डेय, सरित माहेश्वरी परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी कोरबा और श्रीमती राखी माहेश्वरी अध्यक्षा मैत्री महिला समिति कोरबा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र, टूर्नामेंट के शुभंकर वीरा (गौर) को भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सुरोजीत सिन्हा महाप्रबंधक, अध्यक्ष (स्पोर्ट्स काउंसिल) विभागाध्यक्षग संगवारी महिला समिति के पदाधिकारी और यूनियन, एसोसिएशन के सदस्य, नगर परिसर के कर्मचारी व उनके परिवारजन उपस्थित रहे। परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सीपत द्वारा चैंपियन कप के अनावरण और गुब्बारों को औपचारिक रूप से विमोचन कर आधिकारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच में सीपत स्ट्राइकर्स ने कोरबा किंग्स के खिलाफ जीत हासिल की और गाडरवारा ग्लेडियेटर्स ने लारा लायंस को हराकर अपनी पहली जीत हासिल की।



मैच का उद्घाटन करते परियोजना प्रमुख।

## सेन समाज ने मनाई संत सेन महाराज की जयंती

# साईं मंदिर परिसर में की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

सर्व सेन समाज गौरेला के द्वारा सेन जयंती पर गौरेला नगर में स्थित साईं मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की गई। आयोजन समिति के मुख्य सदस्य रतन सेन ने कहा कि आज समय है सेन महाराज जी के उपदेश को अपने जीवन में उतारने का और समाज में भाईचारे की भावना को स्थापित करने का। संदीप सेन ने कहा कि हम संत सेन जी महाराज के उपदेश से हमारे समाज के साथ साथ अन्य समाज के लोग भी बड़ी श्रद्धा से सुनते हैं और उसे अपनाते हैं। जनार्दन श्रीवास ने बताया कि संत सेन महाराज जी बचपन से दयालु, विनम्र व ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास रखते थे। कार्यक्रम में रतन सेन, संदीप सेन, आंनद सेन, विजय सेन, दुर्गेश, धन्नू लाल, हरिशंकर, शेखर, सोमू, शुभम, अमित, लता, अंजलि, पूजा, कोमल, निर्मला, जूही, ऋतू, सीमा, ईश्वर, संतु, राजा, अमर, कल्लू, राजू, अजय, चित्रसेन व अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन आनंद सेन के द्वारा किया गया।





### सेन महाराज की जयंती मनाई गई

**गौरेला।** प्रति वर्ष की भांति संत शिरोमणी सेन महराज की जयंती सैलून संघ एवं सर्व सेन समाज के तत्वावधान में नगर गौरेला के मरहीमाता मंदिर में सामाजिक जनों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ पूजा अर्चना कर मनाया गया। सन्त शिरोमणि सेन महाराज की जयंती और समाज के प्रमुख लोगों के द्वारा उनके जीवन पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये गए और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आग्रह किया जयंती अवसर पर मरही माता मंदिर में पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारियों के साथ नगर, ग्राम के सामाजिक वरिष्ठजन भी उपस्थित थे।



### सोशल मीडिया पर जातिगत टिप्पणी, थाने में शिकायत

**पेंड्रा।** सोशल मीडिया पर जाति विशेष के लिए की गई टिप्पणी के विरोध में पेंड्रा थाना में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शिकायत की है। उन्होंने इस तरह का वीडियो शेयर करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज करने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सौरभ साहू, जिला सह मंत्री प्रकाश साहू, बजरंग दल जिला संयोजक सागर पटेल, जिला सुरक्षा प्रमुख नवीन विश्वकर्मा, जिला विद्यार्थी प्रमुख देवांश तिवारी, जिला समरसता प्रमुख भूपेंद्र चौधरी, शैलेश जयसवाल ने प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**फर्म में संशोधन की सूचना**

M/s S A M ASSOCIATES जो की 15/01/2019 से अस्तित्व में है तथा जिसका फर्म पंजीयन क्रमांक 222201951482 है जो 10/06/2019 को बिलासपुर में हुआ था, जिसका कार्यालय GTB PREMISES, NEAR HANUMAN MANDIR, NEHRU NAGAR, BILASPUR (C.G.) है में से पार्टनर SHRI AMIT PAL SINGH TUTEJA S/O SHRI AVTAR SINGH TUTEJA तथा SHRI YOGESH GUPTA S/O SHRI VIJAY GUPTA दिनांक 06/03/2024 से सेवा निवृत्त हो रहे हैं तथा SMT. NEELIMA GUPTA W/O MANISH GUPTA, SMT MINAKSHI GUPTA W/O YOGESH GUPTA, SMT DIVYA RANI SAHU W/O MUKESH SAHU, SARIKA GUPTA W/O KISHAN GUPTA तथा SHRI P BHASKAR NAIDU S/O SURYA PRAKASH NAIDU दिनांक 06/03/2024 से ही नये भागीदार के रूप में दाखिल होंगे। उक्त सूचना के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो दस्तावेज के साथ मुझसे मेरे कार्यालय में 7 कार्यदिवस में मिले।

P BHASKAR NAIDU
Mo.9752112233, 9926968399

7 MAY -BSP- pg- 5_Layout 1 5/8/2024 1:55 AM Page 1



## लोकतंत्र की झलक

लोकतंत्र के लिए लोग कड़ी धूप और बारिश की परवाह किए बिना मतदान केंद्र पहुंचे और अपनी जिम्मेदारी निभाई। केंद्रों में मतदाताओं के लिए विभिन्न सुविधाएं थीं, कुछ जगह उन्हें परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।

### थक गईं तो वहीं बैठ गईं महिलाएं



मंगला स्कूल में महिलाओं और पुरुषों की लंबी लाइन लगी थी। महिलाएं थककर वहीं लाइन से बैठ गईं।

### बुजुर्गों ने दिखाया युवाओं सा जोश



मतदान करने बुजुर्गों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मतदान के बाद उन्होंने भी युवाओं की तरह सेल्फी ली।

### बूथ पर बैठे कर्मचारी ने संभाला बच्चा



मतदान के लिए कतार में लगी महिला ने अपने बच्चे को संभालने के लिए बूथ कर्मी के पास छोड़ा।

### स्वास्थ्यकर्मियों को मिली पेड़ की छांव



लिंगियाडीह स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद थी। स्वास्थ्यकर्मियों को पेड़ की छांव से काफी राहत मिली।

### मतदान केंद्र में की दवाओं की व्यवस्था



मतदान के लिए लाला लाजपत राय स्कूल को गुब्बारों से सजाया गया था। यहां दवाओं की व्यवस्था भी की गई थी।

### मतदाताओं के बैठने के लिए सोफा



स्व शेख गफ्फार इंग्लिश मीडियम स्कूल के संगवारी मतदान केंद्र में मतदाताओं के बैठने के लिए सोफा की व्यवस्था थी।

### बिजली गुल, मोबाइल बना सहारा



राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में बनाए गए मतदान केंद्र में बिजली चली गई। मोबाइल की रौशनी में काम पूरा किया।

### तूफान से उखड़ा तंबू



मौसम में बदलाव के साथ आए तूफान में मतदान के लिए लगाया गया तंबू उखड़ गया। इसी बाद में ठीक किया गया।

# लोकतंत्र के लिए महिलाओं, युवाओं निशक्तों ने दिखाई अपनी प्रतिबद्धता

**बिलासपुर।** चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने महिला, युवाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। लोकसभा चुनाव मतदाताओं का उत्साह ऐसा था कि सुबह 7 से ही लाइन लग गई थी और सुबह 10 बजे तक ज्यादातर मतदाताओं ने अपना वोट दे दिया था। खास बात यह है कि लोकसभा में सड़क से लेकर ससंद तक अपनी बात को पहुंचाने के उद्देश्य से मतदातों ने अपने वोट का प्रयोग किया है। उन्हें उम्मीद है कि देश में जल्द ही परिवर्तन का दृश्य देखने को मिलेगा। मंगलवार को सुबह से ही धूप और गर्मी सहते हुए वोट देने का संकल्प लेकर निकले मतदातों ने इसे त्योहार की तरह ही लिया।

- उत्साहपूर्वक मना लोकतंत्र का त्योहार



लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्रों में मतदाता सुबह से कतारबद्ध होकर मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। चुनाव आयोग द्वारा स्वीप कार्यक्रम सहित अन्य माध्यम से किये गये प्रचार प्रसार एवं मतदाताओं को वोट डालने दी गई सुविधाओं की वजह से मतदान करने लोगों का उत्साह बना रहा। मतदाता, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं सहित विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आदिवासी मतदाताओं ने भी मतदान किया। बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पीजीबीटी कालेज में अनिता बाई ने दिव्यांग होने के बावजूद मतदान करने पहुंचीं और अपनी मत का प्रयोग कर उत्साह दिखाया। युवा मतदान केन्द्र लाजपत राय में में वरिष्ठ मतदाता 65 वर्षीय विमला अग्रवाल ने मतदान कर एक आदर्श मतदाता होने का परिचय दिया। 80 वर्षीय ए कादिर ने रघुराज सिंह स्टेडियम में मतदान कर दायित्व निभाया। मतदाताओं से समय निकालकर अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की और जिल

### नए जोड़े भी पहुंचे वोट देने

लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का कसर कोई भी नहीं छोड़ना चाहता है, ऐसे में हाल ही में विवाह संपन्न कराए जोड़े भी एक साथ वोट देने पहुंचे। दरअसल आरवी और हरिश बिलासपुर के ही रहने वाले है, जिनकी दो दिन पहले ही शादी हुई है। दोनों ने ही अपने बूथ में जाकर वोट दिया।

प्रशासन द्वारा लगाए गए सेल्फी पाइंट में फोटो भी खिंचाई। खास बात यह है कि दिन चढ़ने के साथ ही पारा बढ़ने लगा जिसके बाद लोगों का घरों से निकलना कम हो गया, लेकिन इसके बावजूद कुछ केन्द्रों में लगातार मतदाता आते रहे और वोट डालते रहे।

# उत्साह के साथ केन्द्र पहुंचे युवा, देश के विकास के लिए किया मतदान

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान मंगलवार को संपन्न कराया गया। बिलासपुर में अपनी भागीदारी तय करते युवाओं लोकल मुद्दों को दरकिनार करते हुए देश के बेहतरी और विकास के लिए मतदान किया। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में लाइन लग कर वोटिंग की। इस दौरान युवाओं ने राष्ट्रीय राजनीति, उम्मीदवार की छवि और लोकसभा को लेकर उनके वादों को ध्यान में रखकर अपना वोट प्रयोग किया। युवाओं ने काम करने वाले प्रत्याशी को चुनने का दावा किया है।



### बाहरी व्यक्ति को वोट देना सही नहीं



मेरा पहला चुनाव है। चुनाव में हमेशा सही व्यक्ति का चयन जरूरी होता है, बाहरी व्यक्ति को वोट देने से मतदान का दुरपयोग समझा जाता है, एक राष्ट्र, एक मतदान जैसी विचारधारा ही देश का परिणाम बदल सकती है, ऐसे में उन्हें ही चुनना जिसे सही समझा है।

-**प्रगति अग्रवाल**, खपरगंज

### बेहतर सरकार के लिए वोट किया



नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा बेहद जरूरी है। युवा व बुजुर्ग के लिए बेहतर काम हो, ऐसा सोचकर ही एक बेहतर सरकार के लिए वोट किया है। पहली बार मतदान देने की खुशी दिल है, लेकिन इससे ज्यादा खुशी इसमें सहभागी बनने की है। उम्मीद है जिसे वोट किया वह अच्छी सरकार बनेगी।

-**स्वयं अग्रवाल**, जूनी लाइन

### देश मत और नियत से चलता है

विश्व पटल पर देश को देखने के लिए विजन की जरूरत पड़ती है, सभी प्रत्याशियों ने अपना अपना वादा किया है, लेकिन जिस तरह से हालत है, इसलिए उन्हें ही वोट दिया है, जिसके मत और नियत दोनों ही एक है, इसी से देश भी चलता है।

- **करण सिंह**, जूना बिलासपुर-स्वयं अग्रवाल, जूनी लाइन

### महापर्व में लिया हिस्सा

मैंने पहली बार वोट डाला है, मुझे लगता है कि लोकतंत्र के महापर्व में हर किसी को अपनी भागीदारी देनी चाहिए, इसलिए धूप में खड़ा होकर वोट डालने आया हु, यह बेहद रोमांचक लग रहा है।

- **जॉय बेनजामिन**, दयालबंद

### जिसने वोटर्स को रिझाया, उसे वोट मिला

हर बार पार्टी और केन्द्रीय नेतृत्व को देखकर वोट करना सही नहीं है, जिस पार्टी ने वोटरों तक अपनी पहुंच बनाई है और उन्हें रिझाया है मैंनें उसी को वोट देना जरूरी समझा है। केन्द्र की पार्टी कोई भी हो देश का विकास करने में सक्षम होना चाहिए।

-**आदित्य यादव**, फजल वाडा




बंधवापारा स्थित भगत सिंह स्कूल के मतदान केंद्र में सुबह से ही महिलाओं और पुरुषों की भीड़ लगी रही।

# हमर राज पार्टी के प्रत्याशी सुदीप की मतदाताओं का आभार माना

**बिलासपुर।** हमर राज पार्टी के प्रत्याशी सुदीप श्रीवास्तव ने मंगलवार 7 मई की शाम मतदान समाप्त होने के बाद मतदाताओं का आभार माना। उन्होंने कहा कि इतनी भयंकर गर्मी में जो भी मतदाता मतदान करने के लिए बाहर आए वे सभी लोकतंत्र के सच्चे सिपाही हैं।

उन्होंने निर्वाचन आयोग की टीम को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि अधिकांश जगहों पर पर्याप्त व्यवस्था की गई थी और कुछ पोलिंग बूथ ही ऐसे अपवाद थे जहां व्यवस्था में कमी देखी गई। श्री श्रीवास्तव ने आज अपने साथियों सहयोगियों व कार्यकर्ताओं और ऐसे सभी व्यक्तियों का भी धन्यवाद दिया जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उनके चुनाव में मदद की है।



श्री श्रीवास्तव ने कहा कि 4 जून को जो भी परिणाम आएगा वह परिणाम उनके द्वारा पहले से किए जा रहे जनहित के कार्यों और ऐसे ही अन्य मसलों में शक्ति ही देगा। वे जनहित के लिए अपनी सोच और विचारों को आगे पहुंचाते रहेंगे।

## लोकसभा : उम्मीदवारों व जनप्रतिनिधियों ने चुनाव के बाद रखी अपनी बात

# चुनाव में जीत के दावे अपने-अपने

### भाजपा का अंहकार इस बार टूटकर रहेगाः देवेन्द्र



कांग्रेस उम्मीदवार देवेन्द्र यादव ने जीत के दावे के साथ कहा कि भाजपा का अहंकार इस बार टूटकर रहेगा। हम सभी कांग्रेसियों ने एकजुटता के साथ काम किया है और इसका रिजल्ट मिलेगा। लोगों ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए वोट किया है। पिछले तीन दशकों से बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद जीत कर गए हैं लेकिन, न्यायधानी के के साथ हमेशा अन्याय ही हुआ है। खासकर युवा वर्ग के लिए कोई काम नहीं किया गया है। औद्योगिक विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ है। रायपुर के बाद दूसरा बड़ा शहर है। इसके बाद भी विकास नहीं हो सका। सांसद के निष्क्रिय होने और मुखर नहीं होने के कारण ऐसा हुआ है। रेलवे की क्या हालत है बिलासपुर की जनता देख रही है। सर्वाधिक आय देने वाले बिलासपुर जोन से रेलवे नेछलावा किया है। ट्रेनें बंद कर दी जा रही हैं, गाड़ियां लेटलतीफ हो रही हैं। जिसका खामियाजा यहां के लोगों को उठाना पड़ रहा है।

### भाजपा का विजन सबका साथ, सबका विकासः तोखन



बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू ने मुंगेली जिले के गृह ग्राम डिंडौरी में अपना वोट डाला। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी इस बार भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धि से आज भारत सुशासन और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा है। मोदी जी विकास की कल्पना को साकार करते हुए, आज जनहित की विभिन्न योजनाओं को पूरा कर रहे हैं। प्रदेश की जनता इसी को देखकर भाजपा के समर्थन में जनादेश देगी। बीजेपी का विजन सबका साथ, सबका विकास है। तोखन साहू के मुताबिक पिछली बार 2019 में एक लाख 41 हजार वोटों से जीत मिली थी। इस बार यह अंतर दोगुने से अधिक होगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए गारंटी को लेकर मतदाताओं में भारी उत्साह है और भारतीय जनता पार्टी इस बार रिकार्ड मतों से चुनाव जीतेगी। प्रदेश की साय सरकार भी बेहतर काम कर रही है।

### छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतेंगेः साव



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने परिवार सहित शेफर स्कूल मतदान केंद्र में मतदान किया। उन्होंने बिलासपुर सहित प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें बीजेपी के खाते में आने का दावा किया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि जिस तरह का माहौल पूरे देश में है इससे पहले ही अंदाजा लगाया जा रहा है कि एक बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनने वाली है। देश के भविष्य और विकास के लिए अब तक के 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जितना काम किया है उतना काम 70 सालों में नहीं हुआ है। यही कारण है कि प्रदेश सहित देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर है और इसी लहर से भाजपा 400 सीट पाने में कामयाब होगी। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने दावा किया है कि जिस तरह से देश में लोग भाजपा को मतदान करने बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं इसी तरह प्रदेश की जनता घर से निकल रही है और वह भाजपा को वोट कर रही है।

### कांग्रेस के पक्ष में माहौल, 5-6 सीटें जीतेंगेः अटल



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने परिवार सहित शेफर स्कूल के सामने क्रिश्चियन स्कूल में मतदान किया। उन्होंने बिलासपुर में कांग्रेस की जीत के दावे किए। अटल के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक वोटिंग हुई है जिसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा। कांग्रेस के घोषणा पत्र से महिलाओं के साथ किसानों में खुशी और वे समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से 5-6 सीटों में जीत की बात भी कही। कोटा विधायक के अनुसार इस चुनाव में कांग्रेस ने एकजुटता दिखाई है जो कि परिणाम में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 5 न्याय और 25 गारंटी का ऐलान किया। पार्टी के घोषणा पत्र में मजदूरी 400 रुपए दिन करने, गरीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, एमएसपी को कानून बनाने जिक्र है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में युवा, महिला, मजदूर और किसान पर फोकस किया है। इन सभी वर्गों के लिए अलग-अलग तरह की स्कीम्स का वादा किया गया है।

बिजनेस प्लस

# श्री शिवम में मतदान महोत्सव पर 10+8% की आकर्षक छूट

**बिलासपुर।** श्री शिवम स्टोर्स द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के उत्साह को देखते हुए 7 मई से तीन दिवसीय मतदान महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वोट देकर उनके संस्थान में खरीदी करने आने वाले मतदाताओं के लिए 10+8% की आकर्षक छूट दी जा रही है।

संचालक ने बताया कि श्री शिवम स्टोर्स के मतदान महोत्सव का लाभ उठाइए। हमारे किसी भी स्टोर्स पर 7, 8 एवं 9 मई को विजिट करने पर 10+8% की आकर्षक छूट दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री शिवम देशवासियों के साथ मतदान महोत्सव सेलिब्रेट कर रहा है। मतदान देश के विकास के लिए अत्यंत ज़रूरी है। इसे यादगार बनाने के लिए हम अपने ग्राहकों के लिए रेडीमेड मेंस, विमेंस और किड्स वियर में 10+8% की भारी छूट लाएं हैं। हम इंडियन, वेस्टर्न और एथनिक अपेरल की विशाल रेंज के साथ लोगों को अपनी पसंद के ड्रेसेस एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराते हैं। मतदान का समय किसी उत्सव से कम नहीं है, इसलिए हम आपके




लिए लोकप्रिय नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्रांड्स का कलेक्शन लेकर आएं हैं। श्री शिवम एक मल्टी-ब्रांड स्टोर चैन है जो देश के विभिन्न शहरों में स्थित है। यहां फेस्टिवल रेंज के माडर्न कलेक्शन में वुमन के लिए घाघरा, चुन्नी, इंडोवेस्टर्न, ईवनिंग गाउंस तथा जेंट्स के लिए शेरवानी, कोट-सूट आदि उपलब्ध है। ग्राहक अपनी साइज व कलर की पसंद के अनुसार इसे कस्टमाइज़ करवा सकते हैं। श्री शिवम में एथनिक के साथ वेस्टर्न ड्रेस पसंद करने वालों के लिए इंडोवेस्टर्न कलेक्शन भी है। इस बार का रेंज ग्राहकों को लेटेस्ट ट्रेंड व फैशन से अपडेट करेगा। स्टोर अभी विजिट करें और मतदान महोत्स्व का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम श्री शिवम स्टोर से संपर्क कर सकते हैं।

## अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट

# बिलासपुर और राजनांदगांव के बीच पहला मुकाबला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 8 मई से 31 मई तक अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट मैच खेला जाएगा। इस बीच सभी लीग मैचेस खेले जाएंगे और जून माह के अंत में सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेला जाएगा।

क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने बताया कि अंडर 19 प्रतियोगिता के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए और ग्रुप बी। जिसमें बिलासपुर ग्रुप ए में है। बिलासपुर अपना पहला मैच 8 मई को राजनांदगांव के मध्य बीएसपी के सेक्टर 10 मैदान में खेलने उतरेगी। बिलासपुर अपना दूसरा मैच बीएसपी के मध्य 18 मई से 21 मई को आरडीसीए रायपुर में खेलेगी। तीसरा मैच 23 मई से 26 मई तक महासमुंद के बीच आरडीसीए रायपुर में खेलेगी और अपना अंतिम और चौथा मैच 28 मई से 31 मई तक सरगुजा के मध्य बीएसपी सेक्टर 10 मैदान में खेलने उतरेगी। सभी खिलाड़ी 7 मई को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से भिलाई रवाना हो गए।

## पहले मैच के लिए बिलासपुर की अंडर 19 क्रिकेट टीम घोषित

क्रिकेट संघ बिलासपुर की अंडर 19 टीम की मंगलवार को घोषणा कर दी गई है। छग स्टेट क्रिकेट संघ के निर्देशानुसार क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा ट्रॉयल बिलासपुर के राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में लिया गया। जिसमें 67 खिलाड़ियों ने भाग लिए। क्रिकेट संघ बिलासपुर के चयनकर्ता रितेश शुक्ला, सुशांत शुक्ला, अभ्युदयकांत सिंह और अभिषेक सिंह ने खिलाड़ियों के बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फिल्डिंग और फिटनेस को देखते हुए संभावित खिलाड़ियों का चयन किया। तत्पश्चात चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाया गया। साथ ही सलेक्शन मैच में प्रदर्शन के बाद खिलाड़ियों का चयन अंडर 19 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलिट ग्रुप प्रतियोगिता के पहले मैच के लिए टीम का गठन किया गया। अंडर 19 के चयनित



खिलाड़ियों में ओम वैष्णव कप्ता, उपेंद्र यादव उपकप्ता, आदित्य श्रीवास्तव, विग्नेश गिरी, मयंक सोनकर, आकाशदीप सिंह,परविंदर वालिया, गतिक राव, ऋषभ शर्मा, युवराज कश्यप, आर्यन जायसवाल, अनुज चंद्र, अखिलेश शर्मा, अंकित कुमार, हर्षित सिंह, कासिम अली, दिव्यांश मिश्रा, मो. दानिश का चयन किया गया। वहीं स्टैंड में अक्षय राज दुआ, धनंजय नायक, विवेक यादव, जैद अली, अक्षय श्रीवास्तव, समर्पित एंड्रयूज, अभ्युदय धार दीवान, नागेश सिंह टीम के कोच सुशांत शुक्ला हैं।

## स्व. कृष्ण कुमार तिवारी के पुण्यतिथि पर प्रसाद वितरण



**बिलासपुर।** नेहरू नगर के स्व. कृष्ण कुमार तिवारी की पुण्य तिथि पर उनके पुत्र अभिनव व अनुराग द्वारा तिलक नगर, जूना बिलासपुर और पुराना बस स्टैंड के हनुमान मंदिरों में शाम की आरती उपरांत भोग प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर स्मिता तिवारी, धीरेंद्र बाजपेयी, पूजा अभिनव तिवारी, महेश दुबे टाटा महाराज, अमित दुबे, ध्रुव, रोहित, शुभम, अंकित, रवि, विक्की, रामा, संजय, राजेन्द्र गोलू, सतीश, प्रतीक तिवारी आदि का सहयोग रहा।

7 MAY- BSP- p-6_Layout 1 5/8/2024 2:00 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अमेरिकन डालर सहित नकद रकम चोरी


**बिलासपुर।** बीती रात चोरों ने छत के रास्ते से मेडिकल एजेंसी में धावा बोलकर काउंटर के दराज से अमेरिकन डालर सहित नकद रकम चोरी कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, मिनोचा कालोनी निवासी अविनाश सलूजा तेलीपारा में मेडिकल एजेंसी की दुकान चलाते हैं। सोमवार की रात वे दुकान बंदकर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने छत के रास्ते से उनके दुकान में धावा बोलकर काउंटर का दराज तोड़कर उसमें रखा 20 हजार रुपए का अमेरिकन डालर व 40 हजार रुपए नकद, चांदी के सिक्के सहित 60 हजार की चोरी कर ली है। मंगलवार की सुबह वे दुकान खोलकर अंदर गए तब चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ठेका श्रमिकों ने प्लांट में घुसकर किया प्रर्दशन

**बिलासपुर।** दगौरी स्टील प्लांट में ठेका श्रमिक से मारपीट के मामले में नाराज ठेका श्रमिकों ने प्लांट में घुसकर जमकर हंगामा मचाया गया और काम बंद करा दिया। पुलिस ने हंगामा मचाने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा पुलिस के अनुसार, दगौरी नोवा स्टील लिमिटेड के उप महाप्रबंधक केके शर्मा ने शिकायत की। प्लांट में काम करने वाले ठेका श्रमिक भीम कुमार साहू के साथ प्लांट के बाहर ठेकेदार के किसी कर्मचारी ने मारपीट कर दी, जिससे उसे चोट आई है। इससे नाराज गांव के राजा साहू, पप्पू कौशिक अपने साथियों के साथ प्लांट में घुसकर हंगामा मचाते हुए ठेका श्रमिकों को भड़काकर काम बंद करा दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजा साहू, पप्पू कौशिक, रामायण यादव, रामचरण, भीम कुमार साहू व अन्य के खिलाफ धारा 147, 452 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला, युवक गंभीर

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में पुरानी रंजिश पर चाकूबाजी का



मामला सामने आया है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की तस्दीक कर रही है। सिरगिट्टी थाना प्रभारी भारती मरकाम ने बताया कि तिफरा के यदुनंदननगर में रहने वाले अक्षय सिंह का अब्दुल साजिद से पुराना विवाद था। इसी बात को लेकर मंगलवार की रात साजिद ने अक्षय पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल अक्षय को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। डाक्टरों ने उसकी स्थिति देखते हुए सिम्स रेफर कर दिया है। सिम्स में घायल का उपचार किया जा रहा है। बताया जाता है कि हमलावर साजिद के साथ दो और युवक भी थे। पुलिस इसकी तस्दीक कर रही है। हमलावर के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी है। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर कुछ लोगों से पूछताछ की है। इधर घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर भाग निकले हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

# सुबह लंबी कतार देखकर लौटे, दोपहर बाद भी मतदान केंद्र में भीड़ ही मिली



सरकंडा स्थित पंडित रामदुलारे स्कूल में बने मतदान केंद्र में सुबह से ही लोग वोट डालने पहुंच गए, इस दौरान महिलाओं और पुरुषों की लंबी कतार लगी रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा क्षेत्र में पंडित रामदुलारे स्कूल में सुबह से मतदाताओं की लंबी कतार लग गई, भीड़ देख कई मतदाता घर लौट गए, जब वे दोपहर में फिर वोट देने पहुंचे तब तक भीड़ कम नहीं हुई थी। इस क्षेत्र के दूसरे मतदान केंद्रों में अधिक भीड़ नहीं रही, कई केंद्र सूने सूने नजर आते रहे।

सरकंडा क्षेत्र के पं. रामदुलारे स्कूल को इस बार आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां 6 बूथ के साथ ही एक महिलाओं के लिए आरक्षित पींक बूथ भी बनाया गया था। इसबार सरकंडा की कन्या शाला को समान्य बूथ घोषित किया गया था। ऐसे में ज्यादातर क्षेत्रों के मतदाताओं के नाम की पर्ची पं.रामदुलारे स्कूल के बूथ में ही मिली। यहां सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ तो कुछ लोग सुबह से ही यहां वोट डालने पहुंच गए ऐसे में सुबह ही इस केंद्र में लंबी लाइन लग गई। ऐसे में लाइन देख कई लोग वापस लौट गए, लेकिन दिन चढ़ने के साथ ही यहां मतदाताओं की भीड़ भी बढ़ने लगी। दोपहर में तीखे धूप के बीच भी यहां मतदाताओं का उत्साह कम नहीं हुआ। अधिकतर युव वर्ष यहां दोपहर में ही यह सोच पहुंचे की दोपहर में बूथ खाली मिलेगा, लेकिन दोपहर में यहां कतार लगी रही। यह कतार शाम तक बनी रही। इस बूथ में कपील नगर,जबड़ापारा,बंगालीपारा, मुक्तिधाम से लगे हुए क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर अपने मत का प्रयोग किया।

### यहां सूना रहा मतदान केंद्र

सरकंडा क्षेत्र में सबसे बड़े स्कूलों में से एक कन्या शाला स्कूल को इस बार सामान्य मतदान केंद्र बनया गया था। यहां इसबार सुबह से ही मतदाताओं की संख्या कम नजर आई। स्कूल के मुख्य गेट के बजाए पीछे के रास्ते से ही अधिकतर मतदाता अंदर प्रवेश कर रहे थे। ऐसे में यह केंद्र सुबह से शाम तक सूना नजर आया। यहां समय-समय पर मतदाता पहुंचते रहे और बीना लाइन लगे ही सीधे अपने मतों का प्रयोग कर चलते बने।

## मॉक पोल से ही बिगड़ने लगी ईवीएम व वीवीपैट

# बदली गईं सवा दो सौ से अधिक ईवीएम, कई बूथों में रुका मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव के दौरान ईवीएम ने पोलिंग पार्टियों के साथ-साथ मतदाताओं को खूब रूलाया। वहीं सेक्टर आफिसर चुनाव के दौरान पूरे समय मशीन बदलने भाग-दौड़ करते रहे। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आठों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के समय ईवीएम बिगड़ गई। यहां तक मतदान शुरू होने के पहले मॉक पोल के दौरान ही ईवीएम बिगड़ने लगी थी। इस तरह चुनाव के बीच लगभग सवा दौ सौ मशीनें बदली गईं।

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के लिए सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे का समय निर्धारित था। मतदान चालू होने के पहले मतदान दलों को सुबह 5.30 बजे से लेकर सुबह 7 बजे के बीच मॉक पोल कराना था, लेकिन जैसे ही सुबह-सुबह मॉक पोल की प्रक्रिया शुरू हुई वैसे ही ईवीएम भी खराब होने लगी। निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी सेक्टर आफिसर्स को उनके सेक्टरों के

■ सेक्टर आफिसर मशीनें लेकर करते रहे भाग-दौड़

लिए रिजर्व ईवीएम, वीवीपैट मशीन पहले से दे दी गई थी, इसलिए जैसे-जैसे जिस-जिस एरिया से सूचना मिलती सेक्टर आफिसर्स अपनी गाड़ियों में दूसरी मशीनें लेकर भागते रहे। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सुबह मॉक पोल के दौरान ही लगभग 100 मशीनें बिगड़ी और उन मशीनों को बदला गया। मॉक पोल के बाद मतदान चालू हुआ और मतदान के दौरान भी कहीं से कंट्रोल यूनिट तो कहीं से बैलेट यूनिट या वीवीपैट मशीनें बिगड़ने की सूचना लगातार निर्वाचन कार्यालय, सेक्टर आफिसर्स के पास आती रही है और तत्काल खराब हुई मशीनों को बदलने उसकी जगह दूसरी मशीनें भेजी गईं।

मतदान के भी करीब सवा सौ मशीनें बिगड़ने की सूचना मिली थी। इस तरह बिलासपुर, बेलतरा, बिल्हा, कोटा, तखतपुर, मस्तूरी, लोरमी और मुंगेली सभी आठों विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में ईवीएम सहित वीवीपैट बिगड़ने से समस्या उत्पन्न हुई और मतदान बाधित हुआ। दूसरी मशीन बदलने जाने तक मतदान रूका रहा और मतदाता भीषण गर्मी के बीच लाइन में खड़े होकर मशीन बदलने का इंतजार करते रहे।

### शाम के समय बिजली बंद, मतदान बाधित

लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग स्मूथ गति से चल रहा था तभी शाम के समय मौसम ने करवट बदला और आंधी-तूफान के बीच बारिश शुरू हो गई। इसके बाद शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली बंद हो गई, जिससे अंधेरा होने की वजह से मतदान केन्द्रों में मतदान रूका रहा। कई जगहों पर तो मतदान दलों द्वारा मोबाईल के लाईट जलाकर कुछ देर तक काम चलाया गया। शहर में रघुराज स्टेडियम परिसर स्थित मतदान केन्द्र के बाहर लगाए गए टेंट आंधी तूफान में उखड़ गया। वहीं लाईट गुल हो जाने से काफी देर तक मतदान प्रभावित रहा,आखिरकार मतदान कर्मियों ने मोबाईल की लाईट के जरिए किसी तरह मतदान चालू कराया। इसी तरह सेंट्रल स्कूल के मतदान केन्द्र, मल्टीपरपस स्कूल स्थित मतदान केन्द्र और नागोराव शेष स्कूल आदि मतदान केन्द्रों में भी लाईट गुल हो जाने से मतदान प्रभावित हुआ।



सुबह रेलवे क्षेत्र के मतदान केंद्र में सन्नाटा रहा।

### रेलवे क्षेत्र के मतदान केंद्र में सन्नाटा

रेलवे क्षेत्र में इस बार मतदाताओं में उत्साह कम दिखा। यहां सेंट्रल स्कूल और आंध्रा स्कूल में बने मतदान केंद्रों में सुबह ही मतदाताओं ने पहुंच अपने मतों का प्रयोग किया। 10 बजे के बाद रेलवे क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसर गया। दोपहर में भी यहां लोगों की भीड़ नजर नहीं आई। रेलवे क्षेत्र के जनप्रतिनिधी गली, मोहल्लों और बस्तियों में पहुंचकर वोटरों को घरों से मतदान केंद्रों तक जाने अग्रह करते रहे। इसके लिए ऑटो रिक्शा भी लगाया गया था।

### चांटीडीह में हंगामा

सरकंडा के चांटीडीह में बने मतदान केंद्रों में सुबह 6 बजे से ही मतदाता पहुंच गए थे। मॉप-अप राउंड से पहले ही कक्ष के बाहर लाइन लगना शुरू हो गया था। मतदान दलों को मॉप-अप रांउड में ही समय लग गया ऐसे में 7:15 बजे के बाद भी यहां मतदान शुरू नहीं हो पाई तो लाइन में लगे मतदाता आक्रोशित हो गए। मतदान दल को रखी-खोटी सुनाने के साथ ही हंगामा मचाया। ऐसे में मतदाताओं ने कर्मचारियों को मोबाइल पर समय दिखाते हुए बोला 7



मंगलवार की रात मतदान दलों की वापसी होने लगी। संगवारी मतदान केंद्रों की महिला कर्मचारी सबसे पहले पहुंचीं।

# आठ बजे से शुरू हुआ मतदान दलों की वापसी का सिलसिला देर रात तक चला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव के तहत मतदान कराने के बाद मंगलवार रात्रि आठ बजे से मतदान दलों के वापसी का सिलसिला शुरू हो गया और संगवारी मतदान केन्द्रों की महिला कर्मचारियों को लेकर गाड़ियां पहले पहुंची। इसके पश्चात गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज परिसर कोनी स्थित स्ट्रांग रूम में रातभर ईवीएम पेटी जमा कराने का दौर चलता रहा।

■ स्ट्रांग रूम में रातभर जमा हुई ईवीएम पेटियां

लोकसभा चुनाव के वोटिंग के बाद सबसे पहले तिफरा स्थित संगवारी मतदान केन्द्र और बिलासपुर शहर के संगवारी मतदान केन्द्रों के मतदान दल वापस लौटे। पहला मतदान दल रात करीब पौने आठ बजे पहुंचा और मतदान दलों में शामिल महिलाओं का वहां स्वागत किया गया। इसके बाद एक-एक करके संगवारी मतदान केन्द्रों में चुनाव कराने गए मतदान दल पहुंचते गए। मतदान दलों को चुनाव सामग्री के साथ जिन निर्धारित रूटों से बस आदि वाहनों से एक दिन पहले रवाना किया गया था, उन्हीं रूटों और वाहनों से मतदान दलों की वापसी का सिलसिला रातभर चला।



ईवीएम पेटियों के साथ मतदान दल।

मतदान दल वापस पहुंचते ही स्ट्रांग रूम में विधानसभावार बनाए गए काउंटरों में ईवीएम पेटियां सहित चुनाव सामग्री जमा कराए। स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराने का दौर पूरी रात चला और स्ट्रांग रूम कोनी में सामग्री जमा कराने के बाद मतदान दलों के कर्मचारी अपने-अपने वाहनों से अपने घरों को रवाना हुए। स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कराने के लिए विधानसभावार 76 काउंटर बनाए गए थे, जिनमें लगभग 300 कर्मचारियों की डयूटी सामग्री जमा लेने के लिए लगाई गई है।

# होटल का पता नहीं बताने पर कुल्हाड़ी मारकर किसान की हत्या

**बिलासपुर।** होटल का पता नहीं बताने पर नशेड़ी ड्राइवर ने खेत की रखवाली कर रहे किसान के हाथ से कुल्हाड़ी छीनकर उसकी हत्या कर दी। आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपी की जमकर पिटाई की है। पुलिस ने उसे दो घण्टा अस्पताल में भर्ती करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी।



मृतक।

■ आरोपी को ग्रामीणों ने पीटा

एडीशनल एसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया, मस्तूरी फरहदा निवासी लोचन धूरी ग्राम कर्रा स्थित खेत में मंगलवार की सुबह 6.30 बजे रखवानी करने गए थे। इसी दौरान कोरया बैकुंठपुर पटना डकैईपारा निवासी ड्राइवर परमेश्वर पैकरा 38 साल नशे में उनके पास पहुंचा और आसपास में होटल का पता पूछने लगा। किसान श्री धूरी ने आसपास में होटल में नहीं होने की बात कही। इससे नाराज होकर ड्राइवर ने श्री धूरी के हाथ से कुल्हाड़ी छीनकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। आवाज से आसपास के किसान व ग्रामीण एकत्रित हो गए। श्री धूरी पर कुल्हाड़ी से हमला करते देख ग्रामीणों ने आरोपी परमेश्वर पैकरा की जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंच गई। श्री धूरी व आरोपी परमेश्वर पैकरा को मस्तूरी अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने परिक्षण के श्री धूरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल परमेश्वर को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। दो घण्टे इलाज के बाद पुलिस ने धारा 302 के तह आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**पल पल बदला मौसम** सुबह बदली, दोपहर में तेज धूप



# शाम को अंधड़ के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सप्ताहभर से पड़ रही तेज गर्मी और रिकार्ड तोड़ते गर्मी के बीच मंगलवार को फिर एक बार मौसम ने करवट ली और अधिकतम तापमान 24 घंटे के भीतर ही 5 डिग्री तक नीचे आ गया।

इस बीच बदली बारिश के बीच लोगों ने भीड़ष गर्मी से राहत की सांसे ली। मंगलवार की सुबह बदली छाई रही। लेकिन 9 बजे के बाद सूरज की तपीस महसूस होने लगी। दोपहर में तेज धूप ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए, लेकिन शाम होते ही

**24 घंटे के भीतर तापमान 5 डिग्री तक नीचे गिरा**

अचानक मौसम ने करवट ली और 4 बजे के बाद बदली छाने के साथ ही अंधड़ और तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया। इस बीच कुछ ही देर में बूंदा-बांदी होने लगी घंटे भर तक बारिश का दौर चलता रहा। ऐसे में एक दिन पहले सोमवार को बिलासपुर में जो अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री पहुंच गया था। वो एकाएक 5 डिग्री नीचे आकर 38.4 डिग्री तक पहुंच गया। इसके साथ ही न्यूनतमत तापमान भी 28 डिग्री रिकार्ड किया गया। अचानक मौसम में हुए बदलाव के साथ बारिश ने सप्ताहभर से पड़ रहे तेज गर्मी से राहत दिलाई है।

# कचरा गाड़ी में पहुंचा नाश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर लोकसभा संसदीय सीट के बिल्हा क्षेत्र के परसदा के मतदान केंद्र में मतदान केंद्र में तैनात मतदानकर्मियों के लिए कचरे वाली गाड़ी में नास्ता और भोजन लाया गया। यह कोई चूक नहीं बल्कि लापरवाही का मामला है। खुद प्रशासन ने कचरे वाली गाड़ी को उनके लिए भोजन और नास्ता लाने के लिए भेजा था। जिसका वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग ने इस मामले में संज्ञान लिया है।

■ वीडियो हुआ वायरल

■ चूक नहीं लापरवाही



परसदा मतदान केंद्र में तैनात कर्मियों के लिए कचरा गाड़ी में गया खाना।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# सोशल मीडिया में बूम:सेल्फी के साथ इस बार रील वीडियो जोन की मची धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव में इस बार जिला प्रशासन के साथ ही लोकस स्तर के जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए कुछ लुभावने प्रयास किए। प्रशासन ने जहां इस बार सेल्फी जोन और गुबारों से मतदान केंद्रों को सजाए रखा तो वहीं निगम सहित अन्य विभाग के अफसरों की सहियोग से इस बार बूथ में वीडियो रील बनाने की मशीन भी लगा रखी थी। यहां मतदान करने के बाद लोग अपने मोबाइल को मशीन में लगाकर रील बनाते नजर आए। कुछ जोड़े तो कुछ अपने बच्चों के साथ इस रील स्टैंड में खेड़े होकर वीडियों बनाकर लोकतंत्र के पर्व के गानों के साथ इसे सोशल मीडिया में अपलोड करते रहे। मतदान के लिए लाइन में खेड़े होने के बाद हाथों में अमीट स्याही के निशानी के साथ इसबार सोशल मीडियों में खूब फोटो और वीडियो अपलोड और वायरल हुए। इसमें मतदान करने के साथ ही लोगों ने वोटिंग के लिए अपील भी की।



### वीडियो बनाने लगी रही लाइन

मतदान के बाद कक्ष से बाहर आ कर एक तरफ लोग जहां सेल्फी जोन में फोटो ले रहे थे। वहीं दूसरी तरफ वीडियो बनाने वाले मशीन में अपना मोबाइल लगाकर रील के वीडियो के लिए लोगों को इंतजार करते देखा गया। ये मशीनें खपरगंज स्कूल के साथ ही सरकंडा के पं. रामदुलारे स्कूल के अलावा युवा मतदान केंद्रों में नजर आई। जहां इससे रील बनाकर युवाओं ने सोशल मीडिया में इसे पोस्ट कर चुनई तिहार का उत्सव मनाया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024 05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



मतदान के लिए धूप में लगी मतदाताओं की भीड़।

लोकसभा के लिए मुंगेली जिले में शांति पूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। शाम 5 बजे तक लगभग 64.15 प्रतिशत मतदान हुआ। दोपहर बाद हुई बारिश में भी छाता ओढकर मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचते रहे। शाम 5 बजे तक मुंगेली 63.57, लोरमी 62.77 प्रतिशत मतदान हुआ। कुछ स्थानों पर मतदान देर शाम तक जारी रहा।

**मुंगेली।** मतदान को लेकर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों में बेहतर उत्साह दिखा। जानकारी के अनुसार पहले दो घंटे में मुंगेली में 13.13 प्रतिशत मतदान हुआ। लोरमी में 13.74 प्रतिशत रहा। 11 बजे तक मुंगेली में 29.38 प्रतिशत, लोरमी में 30.70 प्रतिशत रहा। 1 बजे तक मुंगेली में 46.32 प्रतिशत, लोरमी में 48 प्रतिशत मतदान हुआ। 3 बजे तक मुंगेली 58.50, लोरमी में 56.2 प्रतिशत मतदान रहा। 5 बजे तक की स्थिति में मुंगेली में 63.57 प्रतिशत, लोरमी में 62.77 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान प्रमुख प्रत्याशियों ने भी अपना मतदान संबंधित केंद्रों में किया।

## शाम 5 बजे तक मुंगेली में 63.57 लोरमी में 62.77 प्रतिशत मतदान

## आम नागरिकों के बीच अफसर, जनप्रतिनिधि तक खड़ रहे कतार में

# सुबह कड़ी धूप, दोपहर बाद बारिश से बचने छाता ओढ़कर कतार में खड़े रहे मतदाता

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने बुजुर्गों ने निभाई



**पेंड्रा।** लोकतंत्र को मजबूत बनाने वयोवृद्ध मतदाताओं ने मतदान कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया। बिलासपुर लोकसभा के शासकीय कन्या उच्च. शाला पेंड्रा मतदान केंद्र में 90 वर्षीय वयोवृद्ध मतदाता महेश साहू ने अपने मत का प्रयोग किया। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत मरवाही विधानसभा के मतदान केंद्र अंडी में चैतराम, मतदान केंद्र गुदुमदेवरी में राधाबाई, मतदान केंद्र लरकेनी में सुपेलिया बाई, मतदान केंद्र सारा में फुलकुंवर सहित अनेक मतदान केंद्रों में वृद्धजनों ने मतदान कर अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी पूरी की।

### पिता की पुण्यतिथि पर परिवार ने एक साथ किया मतदान



**पेंड्रा।** भाजपा गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला उपाध्यक्ष नीरज जैन, विनीत जैन के पिता वीरचंद जैन की पुण्यतिथि पर जैन परिवार ने एक साथ जाकर मतदान किया और पिता को स्मरण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## विकास, शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में कार्य करने वाली सरकार चाहते है युवा मतदाता

*मुंगेली। लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति विशेष उत्साह रहा। विकास, शिक्षा एवं रोजगार की दिशा में कार्य करने वाली सरकार चाहते है। जो युवाओं को रोजगार एवं अच्छी शिक्षा दे सके। देश में विकास के साथ-साथ संसाधनों का उचित प्रबंधन करते हुए आर्थिक रूप से सक्षम सरकार चाहिए। अपनी पसंद की सरकार बनाने की जिम्मेदारी पूर्ण करने की उन्हें खुशी है।*



**भाव्या शुक्ला** ने बताया कि वो ऐसा जन नेता चुनना चाहती हैं जो शहर सहित प्रदेश की बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा पर विशेष ध्यान दे।



**तनु गोसाई** ने बताया कि लोकतंत्र में योगदान देकर एक ऐसे नेता का चुनाव करना चाहती हैं जो क्षेत्र के विकास के साथ मूलभूत सुविधाओं का भी ध्यान रखे।



**आकांक्षा जायसवाल** ने बताया कि वो ऐसा प्रतिनिधि चाहती हैं जो साफ छवि का हो। शहर और प्रदेश का नाम बढ़ाए। विशेष कर शिक्षा में सुधार लाए।



**काजल जग्गा** अपने मतों का प्रयोग करते हुए कहा कि हम एक ऐसे जन नेता का चुनाव करें जो योग्य हो और जो प्रदेश के हित में सुव्यवस्थित कार्य करे।



**अरिहंत जैन** ने पहली बार मतदान कर कहा कि इस बार रोजगार की बात करने वाले प्रत्याशी को चुना जाना चाहिए। प्रदेश और शहर की तरक्की को ध्यान में रखकर उन्होंने अपना वोट दिया।



**गरिमा यादव** ने पहली बार मतदान के लिए बटन दबाकर बहुत खुश नजर आई। जनकल्याणी कारी कार्यों के क्रियान्वयन करने की इच्छा रखने वाले सरकार के लिए मतदान किया।



**सिद्धार्थ बैद** गांधी वार्ड निवासी ने विकास को देखते हुए मतदान किया। शिक्षा एवं विकास तथा रोजगार की दिशा में काम करने वाली सरकार बनाने के लिए अपना मतदान किया।



**कलेश्वरी खाण्डे** ने बताया कि वे पहली बार अपने मत का प्रयोग कर गौरवांवित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने वाले प्रतिनिधि को चुनना चाहिए।

### 90 वर्ष की आयु में व्हीलचेयर पर पहुंचे डा. मदन



**करगीरोड-कोटा।** तीसरे चरण के मतदान में बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत आने वाले मतदान को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। खासकर बुजुर्ग मतदाता डा मदन अग्रवाल 90 वर्ष की उम्र में वीलचेयर से जाकर मतदान किए। महिलाओं और विकलांग मतदाताओ को मतदान केंद्र तक पहुंचने में बारिश के कारण थोड़ी परेशानी हुई। मगर प्रशासनिक अधिकारी तटस्थ रहे।

### व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचा युवक



**लोरमी।** ग्राम अखरार में सूरज जायसवाल चार दिन पूर्व दुर्घटना का शिकार हो गया था। आज अपने मताधिकार उपयोग करने अस्पताल से छुट्टी लेकर वोट डालने पहुंच गया। युवक के वोट देने की इच्छा जाहिर करने पर एम्बुलेंस से मतदान स्थल तक और व्हीलचेयर की मदद से वोट डाला।

## डॉ. रेणु जोगी व अमित जोगी ने सारबहरा मतदान केंद्र में टॉर्च की रोशनी में किया मतदान




**पेंड्रा ।** जेसीसीजे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी अपनी मां, जेसीसीजे की राष्ट्रीय अध्यक्ष व कोटा की पूर्व विधायक डॉ. रेणु जोगी के साथ मतदान करने गौरेला के सारबहरा मतदान केंद्र पहुंचे थे। जहां दोनों ने टॉर्च की रोशनी में मतदान किया। मां-बेटे को मतदान केंद्र में बिजली गुल होने के कारण मोबाइल की रोशनी में मतदान करना पड़ा। मतदान के बाद अमित जोगी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैंने आत्मचिंतन और आत्म विश्लेषण के बाद खुद को एक साल राजनीति से अलग रखने का फैसला किया है। नए परिपेक्ष्य में पार्टी के भविष्य का फैसला लिया जाएगा, हमने लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को अन्य दलों में शामिल होने स्वतंत्र किया है। लोकसभा में प्रत्याशी नहीं उतारने पर अमित जोगी ने कहा कि हर चुनाव लड़ पाना उनकी पार्टी के लिए संभव नहीं है। यह चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों का चुनाव है। उनकी पार्टी क्षेत्रीय है। आगामी क्षेत्रीय चुनाव में उनकी पार्टी की सक्रिय भूमिका होगी।

वहीं उनकी मां जेसीसीजे की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रेणु जोगी ने कहा कि राष्ट्रहित में हम अपने विवेक से मतदान कर रहे हैं। कोटा और मरवाही क्षेत्र मेरा घर परिवार है। मैं यहां के लोगों से जुड़ी रहूंगी। इस दौरान डॉ रेणु जोगी ने राजनीति से सन्यास से इनकार करते हुए कहा कि आजीवन राजनीति से जुड़ी रहूंगी।

## पथरिया में 66 प्रतिशत रहा मतदान का प्रतिशत



**पथरिया।** विकासखंड क्षेत्र में मंगलवार को हुए लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। भीषण गर्मी के बावजूद ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों के केंद्रों में मतदाता सुबह 7 बजे के पहले से ही कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाने हर वर्ग के मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। धूप बचने के लिए सुबह से ही व्यापारी व मजदूर मतदान किए। वही शाम को लंबी लाइन के अंदेशा के बीच दोपहर में भी मतदान के लिए आते रहे। शाम को आंधी, तूफान और हल्की बारिश ने दो घंटे के लिए जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। इस कारण शाम को मतदान भी प्रभावित हुआ। एसडीएम बीआर ठाकुर ने बताया कि पथरिया विकास खंड में 66.17 प्रतिशत मतदान हुआ। प्रशासन द्वारा नगर में मॉडल बूथ की स्थापना की गई थी। जहां मतदाताओं को मतदान केंद्रों में दी गई छाया और ठंढे पेयजल की सुविधाओं की वजह से मतदान करने लोगों को असुविधा का सामना करना नहीं पड़ा। नगर पंचायत सीएमओ अमरेश सिंह सहित पूरा अमला मतदाताओं की सुविधाओं के लिए सक्रिय रहा। वहीं ब्लाक में भी मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

## विवाह की रस्म अधूरा छोड़कर दूल्हा साइकिल लेकर मतदान केंद्र पहुंचा वोट डालने




**जरहागांव।** लोकसभा चुनाव में भाग लेने ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। सेमरचुवा के सरपंच प्रतिनिधि टेकलाल पटेल ने बताया कि गांव के अनेक लोग पलायन कर चुके थे जिनके परिजनों से संपर्क कर उन्हें मतदान करने वापस आने आग्रह किया गया। जिन्हें सहज स्वीकार कर अनेक लोगों ने गांव वापस आकर मतदान किया।

बरेला के लेखराम पटेल का विवाह का रस्म घर में चल रहा था। अचानक पंडप से उठ कर सायकल से बाहर निकल गया। लेखराम मतदान स्थल पहुंच कर कतार में लगकर मतदान किया। पूछे जाने पर कहा कि विवाह की रस्म को आधे घंटे रोका जा सकता है। यदि अभी मतदान नहीं करता तो अपने अधिकार से वंचित रह जाता। जो पांच वर्षों तक चैन नहीं आता। इस दौरान अनेक लोगों ने दूल्हे के साथ सेल्फी भी ली। जरहागांव, छतौना, दशरंगपुर, भठलीकला, सेमरचुवा, कोना, घुण्डु कापा, कुरानकापा, ठाकुरिकापा, बरेला में लोकसभा निर्वाचन में काफी उत्साह देखने को मिला। शाम को बारिश होने के बावजूद ग्रामीण भीगते हुए मतदान करने पहुंचे। जानकारी के अनुसार जरहागांव क्षेत्र में 67 प्रतिशत मत पड़ा। बरेला निवासी 89 वर्षीय महिला ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया। परिजनों ने बताया कि वह स्वयं मतदान केंद्र जाकर मतदान करना चाह रही थी। परिजनों ने पहले मना किया पर बुजुर्ग का जज्बा देखकर उन्हें व्हील चेयर में बैठाकर मतदान केंद्र लेकर गए। जहां उन्हें लोगों ने पहले मतदान करने अवसर दिया।



### विधायक पुन्नूलाल मोहले ने लाइन में लगकर मतदान किया

**मुंगेली।** मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के दशरंगपुर के 198 नंबर बूथ में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने लाइन में लगकर मतदान किया। इसके बाद उन्होंने सेल्फी जोन में फोटो खिंचाई। साथ ही जिले के सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए मतदान में शतप्रतिशत भागीदारी की अपील की।

### 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला पूरे उत्साह के साथ किया मतदान

**मुंगेली।** नगर के सरदार पटेल वार्ड निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला सरला शुक्ला अस्वस्थ रहने के बाद भी नगरपालिका स्कूल मतदान केन्द्र में पूरे उत्साह के साथ मतदान किया। घरवालों से जिद कर व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र में पहुंच कर अपने मतदान का प्रयोग किया।





### पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने परिजनों के साथ पहुंच कर किया मतदान

**मुंगेली।** नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी ने कृषि उपज मण्डी में परिजनों के साथ पहुंच कर मतदान किया। इसके बाद उन्होंने अपने परिजनों के साथ फोटो खिंचाई। साथ ही नगर के सभी मतदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए मतदान में भागीदारी निभाने की बात कही।